दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 257 | जयपुर | सोमवार ,21 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 10
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संक्षिप्त समाचार

### जुलाई में मोदी का मिशन विदेश, ब्रिटेन-मालदीव में भारत की धाक जमाने की तैयारी




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23-26 जुलाई 2025 तक ब्रिटेन और मालदीव का दौरा करेंगे। यह यात्रा ब्रिटेन के साथ व्यापार व सुरक्षा संबंधों को मजबूत करने और हालिया उतार-चढ़ाव के बाद मालदीव के साथ संबंधों को सुधारने के लिए महत्वपूर्ण है। इन कूटनीतिक पहलों से द्विपक्षीय रिश्तों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में दो महत्वपूर्ण विदेशी दौरों पर जा रहे हैं। वे पहले ब्रिटेन और फिर मालदीव की यात्रा करेंगे, जिससे दोनों देशों के साथ भारत के संबंधों को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद है।ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के न्योते पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 और 24 जुलाई 2025 को यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिटेन की चौथी यात्रा होगी। इस दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है, जिनमें व्यापार, सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे विषय शामिल हो सकते हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत और ब्रिटेन अपने द्विपक्षीय संबंधों को और मज़बूत करने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं।ब्रिटेन से सीधे, प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण में मालदीव का रुख करेंगे।

### महाराष्ट्र विधानसभा में रमी खेलते पकड़े गए कृषि मंत्री मानेकराव



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे विधानसभा सत्र के दौरान मोबाइल पर ऑनलाइन रमी खेलते पकड़े गए, जिससे राज्य में सियासी तूफान खड़ा हो गया। कृषि संकट और किसान आत्महत्याओं के बीच उनकी इस असंवेदनशील हरकत पर विपक्ष ने तीखा हमला बोला और इस्तीफे की मांग की। मंत्री ने बचाव में इसे विपक्ष की चाल और फोन में गलती से गेम डाउनलोड होने का दावा किया।

महाराष्ट्र की राजनीति में एक नया विवाद खडा हो गया है। राज्य के कृषि मंत्री, माणिकराव कोकाटे, उस वक्त विपक्ष के निशाने पर आ गए जब उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो में मंत्रीजी विधानसभा सत्र के दौरान अपने मोबाइल फोन पर ऑनलाइन रमी खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस घटना ने एक गंभीर कृषि संकट से जूझ रहे राज्य में सियासी तूफान खडा कर दिया है।

## बारिश का कहर

# राजस्थान के नागौर में सड़क पर मछलियां तैरीं

### काशी की कॉलोनियों में बाढ़, पटना में गंगा का लेवल बढ़ा; श्रीनगर एनएच पर देवल ब्रिज में लैंडस्लाइड

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में हो रही भारी बारिश आफत बन गई है। नागौर में तालाब भर गए हैं और पानी बाहर आ गया है, सड़क पर सैकड़ों मछलियां तैर रही है। वहीं, पिछले 24 घंटों में बारिश के कारण अलग-अलग हादसों में 7 लोगों की मौत हो गई। यूपी में लगातार बारिश से गंगा, यमुना और मंदाकिनी जैसी नदियां उफान पर हैं। काशी में 84 घाट डूबने के बाद अब गंगा का पानी अस्सी घाट की सड़क तक पहुंच गया है। गंगा के साथ वरुणा नदी में बाढ़ आ गई है। उधर बिहार के कई नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। पटना में गंगा नदी उफान पर है। पटना सीएम ने जिले के 78 स्कूलों को 21 जुलाई तक बंद रखने का आदेश दिया है। वहीं, जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे पर समरोली में देवल ब्रिज में लैंडस्लाइड के चलते कश्मीर जाने वाला रास्ता बंद हो गया है।मौसम विभाग ने कर्नाटक, बिहार, सिक्किम, बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी, उत्तर-दक्षिण कर्नाटक और उत्तराखंड में कुमाऊं क्षेत्र के कुछ हिस्सों में रविवार को भारी बारिश का



अलर्ट जारी किया है। वहीं, हिमाचल में कुल 141 सड़कें अभी भी बंद हैं।

**बूंदी के दुगारी गांव में गर्भवती को जेसीबी से पार कराया रास्ता**

बूंदी में जगह-जगह जलजमाव होने के कारण गर्भवती महिला को जेसीबी से रास्ता पार कराया गया। दुगारी गांव के आसपास भी काफी पानी जमा है। इसलिए गर्भवती को जेसीबी में लिटाकर गांव से बाहर निकाला गया।

राजस्थान में लगातार हो रही बारिश आफत बन गई है। घरों-दुकानों में चार-चार फीट तक पानी भर गया है। सड़कें दरिया बन गई हैं। लोग घर छोड़कर जाने को मजबूर हो गए हैं। गांव के गांव खाली हो रहे हैं।अजमेर, पुष्कर, पाली के बाद अब बूंदी में हालात बिगड़ गए हैं। लोगों को अपना घर छोड़कर किराए के मकान में शरण लेनी पड़ रही है।



### मौसम विभाग की चेतावनी- 11 राज्यों में बारिश

मौसम विभाग ने रविवार दोपहर के बुलेटिन में बताया कि अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, तटीय कर्नाटक, केरल और माहे, कोंकण और गोवा, सौराष्ट्र और कच्छ, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, सब-हिमालयन पश्चिम बंगाल और सिक्किम, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल तथा उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। वहीं, अगले 24 घंटों के लिए देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर ज़िलों में कुछ जगहों पर बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 40 से 50 किलोमीटर की रफ्तार से हवाएं चलने का भी अनुमान है। बाकी जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

### राजस्थान के माउंट आबू में 145 मिमी बारिश

मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों में रविवार सुबह तक पूर्वी राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि राज्य के पश्चिमी हिस्से के कुछ इलाकों में भारी बारिश हुई। इस दौरान माउंट आबू तहसील में सबसे ज्यादा 145 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# मानसून सत्र कल से, पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर घेरेगा विपक्ष

### बिहार चुनाव से पहले ताकत दिखाने का मौका, भाजपा बोली- हर सवाल का जवाब देंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। पूरे एक महीने यानी 21 अगस्त तक चलेगा। पिछली बार संसद की कार्यवाही बजट सत्र के दौरान मार्च और अप्रैल में हुई थी। इसके बाद बीते 108 दिन में पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर से लेकर एअर इंडिया प्लेन क्रैश तक काफी कुछ घटा है। मानसून सत्र में इन्हीं मुद्दों पर हंगामा होना तय है। हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड किताब लिखने वाली सीनियर जर्नलिस्ट नीरजा चौधरी 40 साल से राजनीतिक पत्रकारिता कर रहीं हैं। वे कहती हैं, 'मानसून सत्र में जोरदार हंगामा हो सकता है। पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर, रूस के साथ बिगड़ते संबंध, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के सीजफायर के दावे, एअर इंडिया विमान हादसे जैसे मुद्दे हावी रह सकते हैं।इसके अलावा सबकी नजरें बिहार से जुड़े मुद्दों पर भी रहेंगी। बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले ये आखिरी संसद सत्र होगा।'



1. पहलगाम आतंकी हमला और इससे जुड़ी जांच

कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले को 3 महीने होने वाले हैं। इस हमले में आतंकियों ने 26 भारतीयों की हत्या कर दी थी। अब तक हमले में शामिल आतंकियों का पता नहीं चला है। ऐसे में विपक्ष पहलगाम हमले और इसकी जांच में नाकामी का मुद्दा उठाकर सरकार को घेरने की कोशिश करेगा।

2. ऑपरेशन सिंदूर और विदेशी नीति पर सवाल

पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान में आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था। इसके बाद से विपक्ष बार-बार भारत की विदेश नीति पर सवाल उठाता रहा है। इस ऑपरेशन में भारत को हुए नुकसान की जानकारी मांग रहा है।

ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक सरकार से सवाल पूछने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि करगिल युद्ध की तरह ऑपरेशन सिंदूर पर भी संसद में चर्चा होनी चाहिए।

3. एअर इंडिया विमान हादसा

12 जून, 2025 को अहमदाबाद में एअर इंडिया का विमान क्रैश होने से 260 लोगों की मौत हो गई थी। अब हादसे की वजह, जांच और पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की शुरुआती जांच रिपोर्ट पर भी सवाल उठ रहे हैं। कांग्रेस और बाकी विपक्षी पार्टियां विमान हादसे की जिम्मेदारी पर सवाल उठाएंगी।

4. बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन

बिहार में साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग यहां वोटर लिस्ट को नए सिरे से तैयार करने के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का अभियान चला रहा है। संसद में सबसे ज्यादा हंगामा इसी पर हो सकता है। इस मुद्दे पर विपक्षी पार्टियां क्ष्छ्क्ष्क के खिलाफ एकजुट हो सकती हैं।

विपक्ष ने चुनाव आयोग के काम में अनियमितता और पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि इस प्रक्रिया में अनियमितताएं हुई हैं। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी मिलकर इस मुद्दे पर सरकार को घेरेंगे।

### गुजरात के जूनागढ़ में पत्नी को भूले शिवराज

### रास्ते में याद आया तो 22 गाड़ियों के काफिले के साथ लौटे, साधना वेटिंग रूम में बैठी मिलीं

बढ़ता राजस्थान



**भोपाल ( एजेंसी )।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को जूनागढ़ में एक दिलचस्प जल्दबाजी कर बैठे। वे पत्नी साधना सिंह को छोड़कर 22 गाड़ियों के काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट की ओर रवाना हो गए। एक किलोमीटर दूर पहुंचे ही थे कि ख्याल आया- पत्नी तो साथ में हैं ही नहीं। काफिला तुरंत यू-टर्न लेकर मूंगफली शोध केंद्र लौटा, जहां साधना सिंह प्रतीक्षालय में बैठी थीं।दरअसल, शिवराज पत्नी के साथ गुजरात के धार्मिक व सरकारी दौरे पर थे। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और गिर के सिंहदर्शन के बाद शनिवार को मूंगफली शोध केंद्र में किसानों व 'लखपति दीदी' योजना से जुड़ी महिलाओं से संवाद कार्यक्रम था। उन्हें रात 8 बजे राजकोट से फ्लाइट पकड़नी थी और रास्ता खराब होने के कारण वे हड़बड़ी में थे।कार्यक्रम के मंच पर बार-बार घड़ी देखते रहे। खुद माइक से कहा- राजकोट का रास्ता खराब है, अगली बार फुर्सत से आऊंगा।' उन्होंने भाषण छोटा किया और तेजी से काफिले के साथ निकल गए। उधर, साधना गिरनार दर्शन के बाद लौट चुकी थीं और प्रतीक्षालय में बैठी थीं।

# कामचटका के पास 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप

### रशिया और हवाई के लिए सुनामी का मंडराता खतरा

बढ़ता राजस्थान

**मास्को ( एजेंसी )।** प्रशांत महासागर में रविवार, 20 जुलाई 2025 को रूस के कामचटका तट पर 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिसके बाद रूस और हवाई के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। 10 किमी की उथली



गहराई पर आए इस भूकंप से पेत्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की के 300 किमी के दायरे में खतरनाक सुनामी लहरों का खतरा बताया जा रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र के अनुसार, रविवार, 20 जुलाई 2025 को रूस के सुदूर पूर्वी तट कामचटका के पूर्वी तट पर आए 7.4 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के बाद रूस और हवाई के कुछ हिस्सों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यह भूकंप 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर आया।शुरुआत में जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (त्नस्न्) ने इस भूकंप की तीव्रता 6.7 बताई थी।

# भारत डिजिटल पेमेंट में दुनिया में नंबर-1

### यूपीआई से हर महीने 1800 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन; जून में 24.03 लाख करोड़ का कारोबार हुआ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत ने फास्ट और सिक्योर डिजिटल पेमेंट सेक्टर में दुनिया में पहला स्थान हासिल कर लिया है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस की बदौलत भारत ने डिजिटल ट्रांजेक्शन में यह मुकाम हासिल किया है। 2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा शुरू किया गया यूपीआई आज देश में पैसे के लेन-देन का सबसे आसान और पॉपुलर तरीका बन चुका है। यूपीआई की मदद से लोग एक ही मोबाइल एप से अपने कई बैंक अकाउंट को जोड़ सकते हैं और कुछ ही सेकेंड में सुरक्षित, कम लागत वाले लेनदेन कर सकते हैं।




एनपीसीआई के अनुसार,यूपीआई से हर महीने 1,800 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन होते हैं। जून 2025 में यूपीआई ने 1,839 करोड़ ट्रांजैक्शन के साथ 24.03 लाख करोड़ रुपए का कारोबार किया, जो पिछले साल जून 2024 के 1,388 करोड़ ट्रांजेक्शन की तुलना में 32त्न की ग्रोथ को दर्शाता है।

**यूपीआई ने डिजिटल-डोमिनेटेड इकोनॉमी की ओर बढ़ाया**

पीआईबी ने कहा, यूपीआई ने भारत को कैश और कार्ड बेस्ड पेमेंट से दूर ले जाकर डिजिटल-डोमिनेटेड इकोनॉमी की ओर बढ़ाया है। यह मंच न केवल बड़े बिजनेस के लिए, बल्कि छोटे दुकानदारों और आम लोगों के लिए फाइनेंशियल इंक्लूजन का एक मजबूत साधन बन गया है।

**भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल पेमेंट यूपीआई से हो रहे**

आज भारत में 85 प्रतिशत डिजिटल पेमेंट यूपीआई के जरिए हो रहे हैं, जिसमें 49.1 करोड़ यूजर्स, 6.5 करोड़ बिजनेसमैन और 675 बैंक एक ही प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं। इतना ही नहीं, यूपीआई अब ग्लोबल लेवल पर भी लगभग 50 प्रतिशत रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स को संभाल रहा है।

यूपीआई का प्रभाव अब भारत की सीमाओं से बाहर भी दिख रहा है। यह सात देशों- संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस में भी अवेलेबल है। फ्रांस में क्च्छ्व की शुरुआत इसके यूरोप में पहले कदम का प्रतीक है, जिससे विदेश में रहने या ट्रैवल करने वाले भारतीयों के लिए पेमेंट करना आसान हो गया है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर( राज. ) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, नि[illegible]बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# जयपुर अजमेर टोंक की पेयजल लाइफलाइन बीसलपुर बांध अपने भराव क्षमता के करीब पहुंचा

## टोंक सवाई माधोपुर और दोसा जिले के लिए भी हो सकती हैं खुशखबरी

बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। बीसलपुर बांध अपनी भराव क्षमता के गेज को छूने से कुछ ही सेंटीमीटर के शेष दुरी पर तक,पहुंच चुका है । रविवार को बीसलपुर बांध का जलाशय भंडारण अपने 315.50 सेमी के करीब 315 मी को पार कर चुका है। गौरतलब है कि इस बार मानसून जून के महीने में ही सक्रिय होते हुए बारिश का दौर प्रारंभ हो चुका था इसी के चलते जुलाई माह मे चित्तौड़ उदयपुर राजसमंद भीलवाड़ा, मांडलगढ़ सहित बांध के केसमेंट एरिया और ऊपरी माल पर त्रिवेणी नदी से लगातार पानी की आवक के कारण बीसलपुर बांध अपने इतिहास में पहली बार अपने जलाशय भंडार भराव क्षमता के करीब है।



उल्लेखनीय की जयपुर अजमेर टोंक की पेयजल लाइफलाइन बीसलपुर बांध का जलाशय भंडार 315.50 सेंटीमीटर पर निर्धारित किया हुआ है। लोगों का मानना है कि बीसलपुर बांध के ऊपरी माल एवं केसमेंट एरिया में अब भी हो रही लगातार बारिश के कारण इस बार जुलाई के अंतिम सप्ताह तक बीसलपुर बांध का पानी भराव क्षमता को जल्दी छूकर छलक सकता है ।

इसलिए की बीसलपुर बांध की सहायक नदियां त्रिवेणी ,खारी ,डायी , और केसमेंट एरिया से बांध में लगातार पानी की आवक हो रही है। इस कारण बीसलपुर बांध अपने 315.50 मीटर की भराव क्षमता के करीब बस पहुंच ने वाला ही है। रविवार को बीसलपुर बांध का गेज 315 मी पॉइंट को छूकर इससे भी ऊपर ऊपर बढ़ ना शुरू चुका है । संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार बीसलपुर बांध के निर्माण के बाद इतिहास में पहली बार जुलाई माह में अपने भराव क्षमता को पार कर सकता है। इसी के साथ ऊपरी माल से लगातार पानी की आवक और त्रिवेणी नदी से जारी है। बांध के बढ़ते गेज को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार जुलाई माह के अंतिम दिनों बीसलपुर बांध का पूर्ण रूप से भर जाना संभव है। इसको लेकर संबंधित प्रशासन ने बीसलपुर बांध से जुड़ी बनास नदी के किनारे लगे क्षेत्रों का दोरा शुरू कर दिया है । इसलिए की बीसलपुर बांध का गेज 315.50 मी पूरा होते ही बीसलपुर बांध के ओवरफ्लो पानी को निकालने के लिए, बांध के गेट खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। जानकारी के अनुसार इस बार राजस्थान की जनता के लिए खुशखबरी यह भी हो सकती है कि बीसलपुर बांध के गेटों को खोलकर ओवरफ्लो पानी की निकासी की जाएगी इस बार बनास नदी में छोड़े जाने वाला बीसलपुर बांध का पानी व्यर्थ नहीं बहेगा इसको लेकर इस शारदा डैम के अधिकारियों ने टेस्टिंग करना शुरू कर दिया है और ऐसे में अगर बीसलपुर बांध की गेट खोल कर पानी छोड़ने की संभावना शुरू हो जाती है तो ऐसे में ईसरदा डैम के अंदर टेस्टिंग हेतु 10000 क्यूसेक पानी को एकत्रित करने से शुरुआत होगी अगर ईसरदा बांध के निर्माण में कोई तकनीक या खामी नहीं रही तो इस बार बीसलपुर बांध का ओवरफ्लो पानी बनास नदी में बहता हुआ ईसरदा डैम पहुंचगा जहां 10000 क्यूसेक पानी को एकत्रित करने की शुरुआत से बांध का ट्रायल प्रारंभ हो जाएगा । ऐसे में अगर भजनलाल सरकार की ओर से इस सफलता पर पानी को रोकने के निर्देश जारी कर दी जाए तो यह है टोंक दोसा सवाई माधोपुर क्षेत्र वासियों के लिए खुशखबर हो सकती है इसलिए की बनास नदी का पानी टोंक जिले के पार होकर सवाई माधोपुर क्षेत्र से होता हुआ धौलपुर चंबल मे शामिल हो जाता था। लेकिन इस बार टोंक जिले के अंतिम छोर पर ईसरदा बांध के निर्माण का कार्य करीब 95 प्रतिशत पूरा होने की संभावना पर बना हुआ है ।

### क्या कहते हैं क्षेत्रीय विधायक

इस बार बीसलपुर बांध पूर्ण रूप से जुलाई माह में भर सकता है। ऊपरी माल पर लगातार हो रही बारिश कि,संभावना से यह संभव हो सकता है।

ऐसे में अगर ईसरदा बांध के निर्माण में,अगर कोई तकनीकियां खामियां नहीं रही होगी तो राज्य सरकार बीसलपुर बांध से छोड़े जाने वाले पानी को ईसरदा डैम में एकत्रित करने पर विचार कर सकती है और इसके सरकार क्या निर्देश देती है यह सरकार के ऊपर है। साथ ही जयपुर अजमेर, टोंक जिला क्षेत्र वासियों के लिए यह खुशी की बात है कि इस बार बीसलपुर बांध अपने भराव क्षमता तक जल्द ही भर जाएगा इससे किसानों को समय रहते फायदा पहुंचेगा।

**राजेंद्र गुर्जर**
**विधायक,देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र**

---

## बीआर आंबेडकर पार्क में किया पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के बीआर अम्बेडकर पार्क मे पौधारोपण किया गया। रविवार को हरियालो राजस्थान अभियान के तहत बीआर अम्बेडर सेवा समिति की ओर से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर परिसर में 40 पौधे लगाए गये। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष हूकमीचन्द बेरवाल ,भीम आर्मी अध्यक्ष जयसिंह जोगपाल तारानगर , रोहताश वाल्मीकि, विनोद बेरवाल ,केदारमल आसेरी , सांवरमल बेरवाल ,कृषि पर्यवेक्षक रमेश पटीर, मूकेश बेरवाल, अंकित बेरवाल, सोनु बेरवाल, सूनिल बेरवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## भगवान शंकर व हीरामल के विशाल भण्डारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** निकटवर्ती ग्राम भांकरी के ढाणी किशनावाली के शिव मंदिर में रविवार को भगवान शंकर व हीरामल महाराज के विशाल जागरण व भण्डारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लीलका धाम के महंत श्री मोहन दास महाराज व टोरड़ा मंदिर महंत श्री मंगल दास महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शंकर व हीरामल महाराज की पूजा अर्चना के साथ हुई। मंदिर पुजारी प्रकाश गुरूजी ने बताया कि समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में शंकर पार्वती की अलौकिक झांकी सजाई गई और महिलाओं ने गांव के प्रमुख मार्गों से विशाल कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर कावड़ियों ने नारायणी माता से लाये पवित्र जल से भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करवाया। कॉमेडियन पपली लखेरा एण्ड पार्टी ने भजनों पर नृत्य कला से लोगों के मन को प्रफुल्लित किया। कलाकार महेश लताला ने नोभार धर्मदेवी की कथा प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। भगवान की दिव्य राजभोग आरती के बाद पंगत प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। कमेटी की ओर से आगंतुक अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुकेश सैनी, अशोक सैनी, पवन सैनी, गोकुल सैनी, धोलाराम सैनी समेत अनेक श्रद्धालू मौजूद रहे।

## वीर सेवा संस्थान द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )**श्री महावीर जी राजस्थान सरकार द्वारा चलाया जा रहा हरियालो राजस्थान अभियान की प्रेरणा से शहर की वीर सेवा संस्थान द्वारा जैन मुनि गणिवर्य श्री मणिरत्न सागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर पटोंदा गांव स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वीर सेवा संस्थान से जुड़े सुरेंद्र जैन व पंकज जैन ने बताया कि आज उक्त संस्थान द्वारा मंदिर परिसर में अमरूद, नींबू, मौसमी, संतरा, चीकू, अशोक व गुलाब के अनेकों पौधे लगाए गए। उक्त संस्थान के अध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि वीर सेवा संस्थान द्वारा राजस्थान सरकार के अभियान से प्रेरणा लेकर हर वर्ष पौधारोपण अभियान चला कर हजारों फलदार, छायादार पौधे रोपे जाते है। इस वर्ष भी 1000 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर संस्थान से जुड़े सभी पदाधिकारी व जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।



## हेहैय कलाल समाज संस्थान देवली की त्रिमिसिक बैठक का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** रविवार को यहां हेहैय कलाल समाज संस्थान देवली की त्रिमिसिक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष डा रतन लाल ने की द्य समाज संपत सुवालका ने जानकारी में बताया कि बैठक पटेल नगर स्थित महादेव मंदिर परिसर में आयोजित हुई। जिसमें समाज मे व्याप्त मृत्यु भोज नहीं करने व द्वादशा पर मिस्ठान पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया जाने पर प्रस्ताव पारित किया गया। तथा समाज कल्याण हेतु हर परिवार की सक्रिय भागीदारी निश्चित की गयी है । इस अवसर पर सम्पत राम सुवालका जिनको हाल ही मे राजस्थान कलाल महा संघ के उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर तथा अजय मेवाड़ा द्वारा द्वारा संचालित मयूर इंटरनेशनल स्कूल मे समाज के बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान करवाने की घोषणा पर स्वागत किया गया। बैठक मे समाज उत्थान एवं तरक्की हेतु हर परिवार की भागीदारी निश्चित की गई। इस बैठक मे अध्यक्ष डा रतन लाल सुवालका के साथ पूर्व अध्यक्ष सम्पत राम सुवालका, बंसी लाल कलवार, युवा अध्यक्ष अनिल सुवालका, महामंत्री गौपाल कलवार, कोषाध्यक्ष धर्मचंद मेवाड़ा तथा संरखक प्रहलाद मेवाड़ा, रामस्वरूप सुवालका, सत्यनारायण सुवालका, छितर लाल सुवालका बबलू सुवालका सहित समाज कई लोग उपस्थित रहे ।



## अब हर कोई नहीं कर पाएगा फसल बीमा रुकेगा फर्जीवाड़ा

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली-बहरोड़।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत अब गैर ऋणी किसानों का फसल बीमा हर कोई नहीं कर पाएगा। गैर ऋणी किसानों के खेतों का बीमा करने के लिए अब एनसीआईपी पर फसल बीमा आवेदन करते समय संबंधित किसान की एग्रीस्टेक फार्मर आईडी दर्ज करनी अनिवार्य होगी। यानी अब कोई भी ई-मित्र संचालक / सीएससी धारक /व्यवस्थापक या अन्य कोई व्यक्ति बंटाईदार किसान का शपथ पत्र लगाकर दूसरों की जमीन का बीमा नहीं करवा सकेगा। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त आयुक्त ने एक आदेश जारी कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गैर ऋणी किसानों का बीमा करने के लिए आवेदन के समय %एग्रीस्टेक फार्मर आईडी% अनिवार्य रूप से दर्ज करने के लिए कहा है।

---

## झीलों की नगरी की पुकारः ग्रीन वॉरियर्स का स्वच्छता और संरक्षण अभियान की हुई शुरूआत

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** विंधम ग्रैंड उदयपुर की ओर से 4000 से अधिक पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति में स्वस्च्छता एवं संरक्षण अभियान की शुरूआत हुई। वाइस प्रेसिडेंट विशाल कपूर के नेतृत्व में आयोजित हुए इस कार्यक्रम का आयोजन उदयपुर की झीलों, विरासत और पर्यावरण को बचाने और संवारने का एक सामूहिक संकल्प था। इस अभियान की पहली कड़ी आज आयोजित की गई। जिसमें विंधम ग्रैंड उदयपुर के 100 से अधिक कर्मचारियों और जागरूक नागरिकों ने भाग लिया। फतहसागर झील के देवाली से संग्रहालय तक स्वच्छता और सौंदर्यकरण कार्य संपन्न हुआ। इस दौरान झील और सड़क किनारे से कचरा हटाया गया, डस्टबिन की मरम्मत और स्थापना की गई, रेलिंग, ओपन जिम और मंदिर की सीढ़ियों की सफाई व मरम्मत के साथ-साथ दीवारों पर जागरूकता संदेशों सहित रंगाई-पुताई की गई। यह केवल एक एकदिनी सफाई कार्यक्रम नहीं, बल्कि संरक्षण से संवर्धन तक की भावना से प्रेरित एक निरंतर चलने वाला सामाजिक आंदोलन है।इस मुहिम का नेतृत्व विशाल कपूर के साथ-साथ होटल की पूरी टीम हितेश, भूपेंद्र, अमरेन्द्र, सत्येंद्र, सौरव, शेफ अनूप, खुमान सिंह, अश्मिता, सिद्धार्थ, शिवानी, त्रिलोक, अभिजीत, अविराज और अन्य सदस्यों ने मिलकर किया। इस पहल से प्रेरित होकर अनेक वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह अभियान फतहसागर से प्रारंभ होकर पूरे शहर में फैलानें का लक्ष्य रखा है। जहां आम नागरिकों के साथ-साथ टूरिज्म व हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री, व्यवसायिक संगठन, प्रशासनिक अधिकारी, मल्टीनेशनल कंपनियां, शैक्षणिक संस्थान और सामाजिक संस्थाएं एकजुट होकर उदयपुर को स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर की तरह ही नहीं, बल्कि उससे भी बेहतर भारत का सबसे स्वच्छ पर्यटन नगर बनाने में सहयोग देने की अपील की।



विशाल कपूर ने बताया कि यह पहल किसी एक संस्था तक सीमित नहीं है। इसकी सफलता सभी वर्गों की सहभागिता और मार्गदर्शन से ही संभव है। 105 वर्ग किलोमीटर में फैला पेरिस प्रतिवर्ष 2.1 करोड़ पर्यटकों को आकर्षित करता है, अपनी स्वच्छता और सुंदरता से दुनिया को प्रेरित कर सकता है, तो उदयपुर, जो 64 वर्ग किलोमीटर का है और प्रति वर्ष 90 लाख पर्यटको को क्यों नहीं आकर्षित कर सकता है।

## टीबी हॉस्पीटल में 20 नेब्युलाईज़र भेंट

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब उदय द्वारा की ओर से आज टीबी हॉस्पीटल में प्रान्तपाल प्रज्ञा मेहता ने 20 नेब्यूलाईज़र प्रदान किये। क्लब अध्यक्ष राघव भटनागर ने बताया कि भविष्य में भी टीबी अस्पताल में काम आने वाली मशीनें उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि वे जरूरतमंदो के काम आ सके। इस अवसर पर सचिव ललिता पुरोहित, सहायक प्रान्तपाल राजेश चुघ,डॉ. अनिता मोर्य,अशोक वीरवाल, डॉ.ऋतु वैष्णव,साक्षी डोडेजा,शालिनी भटनागर सहित अनेक सदस्य मौजूद थे।

## रोटरी क्लब मेवाड़ की ओर से स्किल एवं सिविक सेंस कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** रोटरी क्लब मेवाड़ द्वारा विभिन्न स्कूलों में 15000 बच्चों को मोटिवेशन, करियर गाइडेंस, इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल एवं सिविक सेंस कार्यशाला करने की जो योजना है, उसके अंतर्गत आज प्रथम शिविर सेक्टर 4 स्थित बालिका उच्च माध्यमिक सरकारी विद्यालय में आयोजित किया गया।क्लब अध्यक्ष मनीष गन्ना ने कार्यशाला की जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में 316 बालिकाओं ने भाग लिया और इस कार्यशाला की सराहना की। बालिकाओं ने इतना आनंद लिया कि उन्होंने दोबारा रोटरी क्लब मेवाड़ से आग्रह किया है कि जल्द ही पूरे दिन का एक सेशन और आयोजित किया जाए। क्लब सचिव मुकेश शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य है कि बच्चों को मोटिवेशन, करियर गाइडेंस, इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल एवं सिविक सेंस के बारे में जानकारी प्रदान की जाए, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। क्लब जल्द ही पूरे एक दिवसीय सेशन और आयोजित करने की योजना बना रहा हैं। जिसमें बच्चों को और अधिक जानकारी प्रदान की जाएगी। हमें उम्मीद है कि यह कार्यशाला बच्चों के लिए उपयोगी साबित होगी।



## श्रीराम डाक कावड संघ की बैठक आयोजित

### क्षेत्र की खुशहाली और गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए डाक कावड यात्रा का निर्णय

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल )। स्थानीय कस्बे के भगवान श्री नृसिंह-लक्ष्मी मंदिर में रविवार को श्रीराम डाक कावड संघ की बैठक आयोजित हुई, जिसमें आगामी 24 जुलाई को हरिद्वार के लिए डाक कावड यात्रा को रवाना करने का निर्णय लिया। इस बैठक में श्री गोपाल भैया मंदिर के महंत श्री मोहन दास रामायणी और पुजारी गोविन्द शर्मा की उपस्थिति और राजू शर्मा के सान्निध्य एवं पहलाद सैन की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया कि यह यात्रा 29 जुलाई को पावटा पहुंचेगी और नगर भ्रमण के बाद नागपंचमी के अवसर पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा। बैठक में आचार्य पंडित संजय कुमार गौड़, राहुल शर्मा, विकास पंचोली आदि ने बताया कि इस कावड यात्रा का उद्देश्य क्षेत्र की खुशहाली की कामना और गौमाता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने के लिए भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करना है। पहलाद सैन ने कहा कि गौमाता हमारी माता है और हमें उनकी रक्षा और सम्मान के लिए काम करना चाहिए। डाक कावड संघ के कार्यकर्ताओं ने बताया कि कावड यात्रा के दौरान वे गौमाता की रक्षा और सम्मान के लिए प्रार्थना करेंगे और भगवान भोलेनाथ से क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना करेंगे। इस अवसर पर आशीष पंचोली, प्रद्युम्न चौहान, वैभव सोनी, टिंकू भारद्वाज, निखिल शर्मा, मनोज जांगिड़, रणजीत योगी, कानाराम सिसोदिया, गौरव शर्मा, रोशन लाल प्रजापत, धौला राम यादव, मनोज सैनी, मनोज शर्मा, राहुल भांजा, नितिन मुद्गल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# राहत कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त, समय पर पहुंचाएं मदद - कलेक्टर कमल राम मीना

## भारी बारिश को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर, राहत और बचाव के लिए पूरी तैयारी

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)। मानसून वर्षा 2025 के दौरान जिले में लगातार हो रही भारी बारिश की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन सतर्क मोड में कार्यरत है। रविवार को माननीय मुख्यमंत्री महोदय की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेशभर में बाढ़ की तैयारियों, आपदा प्रबंधन, बचाव कार्यों और वर्तमान वर्षा की स्थिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्यमंत्री के निर्देशों की अनुपालना में जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए। बैठक में पुलिस, सिंचाई, कृषि, पशुपालन, पीएचईडी, एवीवीएनएल, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, नागरिक सुरक्षा, राहत, डीओआईटी, राजस्व सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**जल संसाधनों पर चेतावनी, बच्चों को जलभराव क्षेत्रों से दूर रहने की अपील**

जिले में कुल 13 वर्षामापी केन्द्र सक्रिय हैं। बांध, तालाब, जलाशयों व पोखरों पर आमजन के लिए चेतावनी पट्टिकाएं लगाई गई हैं। बच्चों व ग्रामीणों को जल भराव क्षेत्रों से दूर रहने की सलाह दी गई है।

**चिकित्सा विभाग की तैयारियां**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा मानसून को देखते हुए कंट्रोल रूम (01482-290161) स्थापित कर दिया गया है। जिले में कुल 33 एम्बुलेंस कार्यरत हैं, जिनमें 11 - 108 एम्बुलेंस, 10 - 104 एम्बुलेंस, बाईक एम्बुलेंस व अन्य शामिल हैं।

सभी चिकित्सा अधिकारियों व पेरामेडिकल स्टाफ को मुख्यालय पर बने रहने के निर्देश दिए गए हैं। अस्पतालों में साफ-सफाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं। वर्तमान में जिले में मौसमी रोग नियंत्रण में हैं।

**आपदा प्रबंधन को लेकर सख्त निर्देश**

कलेक्ट्रेट में आयोजित आपदा प्रबंधन बैठक में कलेक्टर मीना ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बाढ़ या जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में समय रहते राहत पहुंचाई जाए। पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता तुरंत मुहैया करवाई जाए। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी।

**जिला कलेक्टर कमल राम मीना की आमजन से अपील -**

जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि भारी बारिश, आकाशीय बिजली व जलभराव की स्थिति में अत्यधिक सावधानी बरतें। जलाशयों, नदियों व अन्य जल स्रोतों से दूर रहें और प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें।

बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, ?एसीईओ?? गोपाल लाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# देशसेवा को समर्पित जवान की हृदयविदारक विदाई: धाधेलां के रामचंद्र सैनी का आकस्मिक निधन, राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। पाटन देश की सेवा में समर्पित क्क्ष्ह–त्तक्षस्र 66 के जवान रामचंद्र सैनी का शनिवार को उत्तराखंड के बुंदेला में दिल का दौरा पड़ने से आकस्मिक निधन हो गया। जैसे ही यह दुखद समाचार पाटन के निकटवर्ती ग्राम धांधेला पहुँचा,पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई साथी जवान जस्सु सिंह के अनुसार, रामचंद्र सैनी सुबह की नियमित दौड़ के दौरान अचानक गिर पड़े*मौके पर मौजूद क्क्स्र जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश, राजकीय सम्मान की मांग

रविवार को जब शव पाटन थाने लाया गया, तो सैकड़ों ग्रामीणों और परिजनों ने गहरा आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने पूर्ण शहीद का दर्जा,

**निष्पक्ष जांच, और **राजकीय सम्मान** के साथ अंतिम संस्कार की मांग को लेकर **सीकर–दिल्ली हाईवे** को जाम कर दिया। सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रोड जाम रहने से यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा प्रशासन की ओर से तहसीलदार सुभाष कुलहरी और थाना अधिकारी विक्रम सिंह ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, परंतु ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। अंतत प्रशासन को झुकना पड़ा , और जवान का शव सरकारी वाहन से पैतृक गांव पहुंचाया गया।

राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई (कलर बोक्स



उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह यादव ने बताया कि विभाग द्वारा तय किए गए पैकेज के तहत समझौता हुआ, जिस पर ग्रामीणों की सहमति बनी। इसके बाद जवान को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई।

गॉड ऑफ ऑनर के दौरान नीमकाथाना विधायक सुरेश मोदी ने पुष्प चक्र अर्पित कर अंतिम सलामी दी। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति एवं नेता उपस्थित रहे।जिनमें प्रमुख रूप से पाटन तहसीलदार सुभाष कुलहर, थाना अधिकारी विक्रम सिंह,भाजपा नेता प्रमोद सिंह बाजोर,पाटन पंचायत समिति प्रधान सुवालाल सैनी, जिला परिषदसदस्यप्रवीणजाखड़, भाजपा नेत्री कविता सामोता, मंजू सैनी, पूर्व सरपंच केदार सैनी, छात्र नेता विनोद भूदोली,

एडवोकेट गोपाल सैनी,सहित सैकड़ों ग्रामीण और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

पीछे छूट गया एक बेसहारा परिवार

2010 में बीआरओ में भर्ती हुए रामचंद्र सैनी अपने पीछे पत्नी गुलाबी देवी, मां बनारसी देवी और तीन मासूम बच्चे—खुशबू, रौनक और मीनू को छोड़ गए हैं। परिवार गहरे सदमे में डूबा हुआ है, और ग्रामीणों की आँखों में भी आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विनोद सैनी भूदोली ने जानकारी देते देते हुए बताया कि यदि सरकार इन छोटी–छोटी कर्मियों को दूर करे तो इस प्रकार सैनिक सम्मान के लिए शहीद परिवार एवं ग्रामीणों को सड़क पर नहीं उतरना पड़े। सैनी ने कहा कि सैनिक रामचंद्र सैनी को हमेशा याद रखा जाएगा।

## अब हर कोई नहीं कर पाएगा फसल बीमा रुकेगा फर्जीवाड़ा

### सरकार ने बदले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नियम, गैर ऋणी किसानों का बीमा करने से पहले उनकी एग्रीस्टेक फार्मर आईडी होगी अनिवार्य

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत अब गैर ऋणी किसानों का फसल बीमा हर कोई नहीं कर पाएगा। गैर ऋणी किसानों के खेतों का बीमा करने के लिए अब एनसीआईपी पर फसल बीमा आवेदन करते समय संबंधित किसान की एग्रीस्टेक फार्मर आईडी दर्ज करनी अनिवार्य होगी। यानी अब कोई भी ई–मित्र संचालक / सीएससी धारक /व्यवस्थापक या अन्य कोई व्यक्ति बंटाईदार किसान का शपथ पत्र लगाकर दूसरों की जमीन का बीमा नहीं करवा सकेगा।भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की अतिरिक्त आयुक्त ने एक आदेश जारी कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गैर ऋणी किसानों का बीमा करने के लिए आवेदन के समय %एग्रीस्टेक फार्मर आईडी% अनिवार्य रूप से दर्ज करने के लिए कहा है। मंत्रालय से मिले निर्देशों के बाद राजस्थान सरकार के कृषि आयुक्तालय ने सभी बैंक अधिकारियों व चैयरमेन एवं जन सेवा केन्द्र जयपुर के राज्य प्रमुख को पत्र लिखकर गैर ऋणी किसानों का फसल बीमा करते समय %एग्रीस्टेक फार्मर आईडी% अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मंत्रालय की ओर से 8 जुलाई 2025 तक उपलब्ध %एग्रीस्टेक फार्मर आईडी% की सीडिंग राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर कर दी गई है। किसी गैर ऋणी किसान की एग्रीस्टेक फार्मर आईडी उपलब्ध नहीं होने पर उस कृषक को सबसे पहले एग्रीस्टेक फार्मर आईडी रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। इसके बाद ही उस कृषक की फसल का बीमा आवेदन एनसीआईपी पर अपलोड किया जा सकेगा।

## महावीर कैंसर हॉस्पिटल के स्वप्नदृष्टा विद्या विनोद काला की जयंती पर कैंसर जांच शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के संस्थापक प्रणेता एवं प्रबंध न्यासी स्व. विद्या विनोद काला की 27वीं पुण्यतिथि पर रविवार को मालवीय नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट में निशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।मंदिर परिसर में आसपास के नागरिकों ने शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न निशुल्क जांचों का लाभ उठाया। शिविर में भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने उपस्थित लोगों को कैंसर की समय पर जांच और बचाव के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा, कैंसर का प्रारंभिक अवस्था में पता चलना आधी जंग जीतने के बराबर होता है। समय रहते उपचार शुरू करना इलाज को अधिक प्रभावी और कारगर बना देता है। उन्होंने कहा कुछ कैंसर का अब पूरी तरह इलाज होता है आवश्यकता समय से जागने की है। इस अवसर पर स्व. विद्या विनोद काला की पत्नी श्रीमती पुष्पलता काला , कैंसर केयर की चेयरपर्सन अनिला कोठारी सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।शिविर में मेमोग्राफी, पैप स्मीयर, एक्स–रे, सीए 125, पीएसए तथा अन्य रक्त जांचें नि:शुल्क की गई।विद्या विनोद काला मेमोरियल ट्रस्ट, जयपुर द्वारा आयोजित इस शिविर में उनके सुपुत्र विवेक , आलोक, अजय व संजय शामिल हुए। मालवीय नगर दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष सी एल जैन जी एवं सम्पूर्ण कार्यकारनी ने तत्परता से कैम्प की व्यवस्था संभाली । नागरिकों ने दिन भर चले स्वास्थ्य परीक्षण के साथ–साथ उपयोगी सलाह भी प्राप्त की और डॉक्टरों के प्रति आभार प्रकट किया।



## शिवसेना राजस्थान में नई ऊर्जा और जोश के साथ काम करेगी:राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल

### प्रहलाद सिंह पालड़ी बने प्रदेश अध्यक्ष,राजधानी जयपुर में नए कार्यालय का हुआ शुभारंभ, प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने का लिया संकल्प, आगामी योजनाओं और चुनावी रणनीति पर भी हुई चर्चा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर में रविवार को मानसरोवर स्थित नारायण विहार में शिवसेना ने अपने नए प्रदेश कार्यालय का शुभारंभ किया। इस नए प्रदेश कार्यालय का भव्य शुभारंभ शिवसेना के राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल द्वारा किया गया। इसी मौके पर प्रहलाद सिंह पालड़ी को औपचारिक रूप से राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया।राष्ट्रीय सचिव कैप्टन अभिजीत अडसूल ने कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कहा कि शिवसेना राजस्थान में नई ऊर्जा और जोश के साथ काम करेगी और आगामी चुनावों में सक्रिय भागीदारी दर्ज कराएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रहलाद सिंह पालड़ी के नेतृत्व में पार्टी प्रदेश में मजबूत जनाधार बनाएगी।नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष प्रहलाद सिंह पालड़ी ने कहा कि महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ संभाजी शिंदे ने उन्हे इस पद के योग्य समझा ओर ये जिम्मेदारी दी । इसके लिए वह उनका धन्यवाद प्रकट करते है। राजस्थान में शिवसेना को नई ऊंचाइयों तक ले जाना ही उनका अब यही लक्ष्य है। वह जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे और संगठन को हर गांव–हर शहर तक पहुंचाएंगे। शिवसेना के इस नए कार्यालय से पूरे प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलेगी और पार्टी की चुनावी तैयारियों को मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए कार्यकर्ताओं ने अपने नेता का स्वागत किया और आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस दौरान पार्टी की आगामी योजनाओं और चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। कैप्टन अभिजीत अडसुल ने स्पष्ट किया कि शिवसेना राजस्थान में संगठन को मजबूती देने के लिए जमीनी स्तर पर काम करेगी और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देगी।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक मनोज न्यांगली , चन्द्रराज सिंघवी, जसवंत सिंह, ऋतु बनाबत आदि एवं पदाधिकारी प्रदेश मुख्य सचिव सुरेन्द्र सिंह, सचिव महिपाल सिंह राठौर, युवा सेना प्रदेश अध्यक्ष सचिन सिंह गौड़, मौजूद रहे।

## युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जेडीए द्वारा क्षतिग्रस्त सड़कों का पेच रिपेयर

### मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री के निर्देशन में किया जा रहा रिपेयर कार्य

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर विकास प्राधिकरण ने हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण शहर में क्षतिग्रस्त सड़कों की त्वरित मरम्मत हेतु व्यापक पेच रिपेयर अभियान प्रारंभ कर युद्ध स्तर पर पेज रिपेयर कार्य किया गया है। यह कार्य माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं माननीय नगरीय विकास मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य शहरवासियों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात की सुविधा प्रदान करना है।

जेडीए आयुक्त आनंदी ने बताया कि गत दिनों हुई भारी बारिश से प्रभावित प्रमुख सड़कों पर आवागमन में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए, जेडीए ने अपने अभियंताओं को विभिन्न क्षेत्रों में त्वरित रुप से पेच रिपेयर कार्य आरंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्य प्राथमिकता के साथ युद्ध स्तर पर किया जा रहा है जिससे जयपुर शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार हो रहा है।इस अभियान के तहत जीएसबी, डब्ल्यूबीएम, मिट्टी के कट्टे और कोल्ड मिक्स जैसी विधियों का उपयोग कर मरम्मत का कार्य लगातार जारी है। इसके साथ ही, जेडीए शीघ्र ही 'रोड एम्बुलेंस' सुविधा के माध्यम से भी पेच रिपेयर कार्य किया जा रहा है।विशेष रूप से, सीवर लाइन, पीएचईडी बीसलपुर पाइप लाइन, टॉरेंट गैस लाइन तथा ड्रेनेज खुदाई से प्रभावित मार्गों पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

जेडीए द्वारा गत तीन दिनों महावीर नगर मुख्य 80 फिट रोड, चित्रकूट मार्ग, नर्सरी सर्किल के पास, एनआरआई चौराहा महल रोड, केडिया पैलेस रोड कल्याण विभाग हाथोज, कृष्ण पैलेस होटल के सामने, गंगा जमुना पेट्रोल पंप के सामने, टोंक रोड, एसडीआरएफ रोड गढ़ौता, कालवाड़ रोड एवं गत सप्ताह अजमेर रोड, नील पदम सरोवर मार्ग, गांधी पथ ईस्ट एवं वेस्ट, चित्रकूट सेक्टर–4, टॉयलर स्कूल के सामने, निवारू रोड, हाथोज लिंक रोड, कालवाड़ रोड, ग्राम नींदड़, 200 फीट सेज रोड, दादी का फाटक, नाड़ी का फाटक, सेक्टर–6 विद्याधर नगर, पत्रकार कॉलोनी इत्यादि स्थानों पर लगातार हो रही वर्षा के दौरान पेच रिपेयर कार्य किये गए है।

इस वर्ष वर्षाजनित समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु जेडीए ने 8 उप–बाढ़ नियंत्रण केंद्र स्थापित किए हैं। अब तक प्राप्त लगभग 850 शिकायतों का समयबद्ध समाधान किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त, 80 हजार मिट्टी के कट्टे भिजवाए गए हैं ताकि जल निकासी की समस्या को कम किया जा सके। जेडीए ने आमजन से अपील की है कि वे कार्य की प्रगति के दौरान धैर्य बनाए रखें और आवश्यकता अनुसार वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। सभी कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप किए जा रहे हैं।भविष्य में ऐसी आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जेडीए द्वारा दीर्घकालिक योजना भी तैयार की जा रही है। यह अभियान निश्चित ही शहरवासियों के लिए राहतदायक सिद्ध होगा और जयपुर की सड़क व्यवस्था में व्यापक सुधार लाएगा।

## संसदीय कार्य मंत्री के मुख्य आतिथ्य में जोधपुर के कांकाणी में आयोजित हुआ पौधारोपण कार्यक्रम

### डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर कर रही काम- संसदीय कार्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। हरियाळो–राजस्थान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम जोधपुर की पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत कांकाणी में रविवार को संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल एवं राजस्थान जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूल मंत्र पर काम कर रही है। उन्होंने कहा सरकार महिला, युवा,गरीब और किसान के कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। श्री पटेल ने कहा जनकल्याण की योजनाएं धरातल पर प्रभावी ढंग से लागू हो रही हैं, जिससे आमजन का सरकार पर विश्वास और अधिक सशक्त हुआ है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि आज़ादी के बाद पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पर्यावरण बलिदान की गौरवगाथा को राष्ट्र के समक्ष रखा। उन्होंने कहा मां अमृता देवी सहित 363 विश्नोई शहीदों का स्मरण कर उन्होंने खेजड़ी वृक्ष और प्रकृति रक्षा के लिए दिए गए बलिदान को सम्मान दिया।पटेल ने कहा गत वर्ष मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत 7 करोड़ पौधे लगाए गए थे,इस वर्ष हर परिवार को जोड़ते हुए 11 करोड़ पौधे लगाने एवं पालने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा हमें गुरु जम्भेश्वर भगवान और मां अमृता देवी के स्मरण करते हुए अधिकाधिक वृक्ष लगाने है।संसदीय कार्य मंत्री ने कहा वृक्ष पूजन हमारी सनातन संस्कृति की अमूल्य परंपरा है। उन्होंने कहा जैसे हम देवी–देवताओं की पूजा करते हैं, वैसे ही वृक्षों की पूजा कर हम प्रकृति के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। यह परंपरा हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी संवेदनशीलता को दर्शाता है।



**'हर घर नल से जल'—**

श्री पटेल ने कहा जल जीवन मिशन में भ्रष्टाचार और अनियमितता के कारण लूणी क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं का कार्य पूर्ण नहीं हुआ। उन्होंने कहा जेजेएम के अधूरी परियोजनाओं का कार्य पूर्ण कर क्षेत्र के हर घर तक नल से जल पहुंचाया जाएगा।

## अनिल कुमार बेनिवाल होंगे सवाई माधोपुर के नए जिला पुलिस कप्तान

बढ़ता राजस्थान

सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)। हनुमानगढ़ निवासी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अनिल कुमार बेनिवाल ( आईपीएस) सवाई माधोपुर जिले के नए पुलिस कप्तान होंगे। 29 अगस्त 1983 को जन्मे भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी

बेनिवाल की शैक्षणिक योग्यता B.SC. , M.A. , M.Phil.(GEOGRAPHY) है। सिरोही में 25 फरवरी 2024 को पदस्थापित एसपी अनिल कुमार इससे पूर्व भिवाड़ी, नीम का थाना में भी ओएसडी ( पुलिस) व एसपी रह चुके हैं! वहीं इसके पहले भिवाड़ी में एसपी रहे हैं! इसके अलावा प्रतापगढ़ में भी जिला पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं! वहीं जयपुर में एक अन्य पद के अलावा दौसा में भी एसपी रहे हैं! कोटा में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो प्रमुख, करौली में भी एसपी रहे हैं! वहीं भरतपुर में कमांडेंट ( आरएससी) व अलवर में सहायक पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। बेनिवाल की प्राथमिकताओं में अपराधों की रोकथाम साथ ही धार्मिक उन्माद फैलाने वालों पर भी कानून कार्रवाई की जाएगी. सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रयास रहेंगे। इसके अलावा आमजन में कानून के प्रति विश्वास जगे और अपराधियों पर अंकुश लगे उसके लिए लोगों के साथ संवाद करते हुए कार्य योजना तैयार की जाएगी।




## संस्कारयुक्त शिक्षा ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की आधारशिला: शर्मा

### सेवा भारती समिति द्वारा 07 वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। स्थानीय सेवा भारती समिति द्वारा रविवार को एकलव्य की परम्परा को जीवित रखने की भावना के साथ राजकीय विद्यालयों के मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित करने हेतु 07 वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पावन वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों और समाज के समर्पित सेवकों ने सहभागिता निभाई। समारोह के अंतर्गत 70 से अधिक मेधावी बालक–बालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिनमें से प्रत्येक को समिति द्वारा दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। साथ ही इन विद्यार्थियों को शिक्षा की ऊँचाईयों पर पहुँचाने वाले उनके अभिभावकों, शिक्षकों और संबंधित प्रधानाचार्यों को भी सामूहिक रूप से सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय परंपरा अनुसार द्वीप प्रज्जवलन और वैदिक दीप मंत्रोच्चार के साथ हुआ। समापन भी कल्याण मंत्र के साथ किया गया, जिससे आयोजन में आध्यात्मिक ऊर्जा और सामाजिक सरोकार की समरसता बनी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा भारती समिति के जिलाध्यक्ष प्रवीण भूषण ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह शेखावत उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य वक्ता सेवा भारती के प्रांतीय शिक्षा आयाम प्रमुख एवं पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोहनलाल शर्मा ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि संस्कारविहीन शिक्षा केवल सूचनाओं का संग्रह है, जबकि सेवा भारती शिक्षा को जीवन मूल्य और राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य कर रही है। संचालन जिला सहमंत्री ताराचंद सैनी व प्रकल्प प्रमुख सत्यनारायण कौशिक ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संगीतमय और भावविभोर बनाने का कार्य विभाग कुटुंब प्रबोधक के मुन्नालाल मधुर ने किया, जिन्होंने देशभक्ति गीतों और भजनों के माध्यम से सभी उपस्थितजनों के हृदय को छू लिया। उनके भजनों में देश सेवा, मातृभूमि और सामाजिक एकता का सन्देश प्रतिध्वनित हुआ। वक्ताओं ने सेवा भारती समिति की प्रशंसा करते हुये कहा कि यह संस्था केवल सेवा की बात नहीं करती, बल्कि उसे क्रियान्वित भी करती है। यह समारोह केवल पुरूस्कार वितरण नहीं, बल्कि उन मूल्यों का उत्सव था जो एक सशक्त, स्वाभिमानी और संस्कारवान भारत की नींव रखते हैं। कार्यक्रम में लगभग 250 से अधिक अभिभावक, शिक्षक, समाजसेवी, छात्र–छात्रायें एवं सेवा भारती के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह का संपूर्ण वातावरण प्रेरणादायी, भावनात्मक और राष्ट्रवादी भावों से ओतप्रोत रहा। यह आयोजन ना केवल विद्यार्थियों के आत्मबल को बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, सेवा भावना और सांस्कृतिक गौरव का संचार भी कर गया। कार्यक्रम में जयपुर प्रांत सहमंत्री महेश गोयल, विभाग कुटुंब प्रबोधक मुन्नालाल मधुर, सहमंत्री ताराचंद, जिला प्रकल्प प्रमुख सत्यनारायण कौशिक, सेवा भारती जिला मंत्री महेश चंद सैनी, रामकिशोर, भूपेंद्र सोनी, बीना सोनी, रजनी सैनी, टेकचंद टेलर, रमेश बंसल किताबवाले, सुरेंद्र, किशन शरण, निरंजन लाल गुप्ता, शिवकुमार गोयल, सुभाष गुप्ता, विजय आर्य, अमरसिंह, अमिता भटनागर, सुरेश मीणा, अमित गोस्वामी, सीताराम गुप्ता, राकेश रोहिल्ला, प्रदीप स्वामी, राधा देवी, अंबिका शेखावत, पूजा, कुसुम शेखावत आदि उपस्थित रहे।



## सम्पादकीय

# विपक्ष की लोकतंत्र पर चिंता या सत्तालोभ की राजनीति?

विपक्षी दल मोदी एवं भाजपा पर लगातार आक्रामक हैं। राहुल गांधी और अन्य दलों के नेता संविधान की प्रति लहराकर यह दिखाने की कोशिश करते हैं जैसे संविधान खतरे में है और उन्हें उसे बचाना है। लेकिन भारत की जनता अब परिपक्व एवं समझदार हो गयी है, उसे अच्छा-बुरे में फर्क दिखता है।

भारतीय लोकतंत्र आज विश्व के सबसे बड़े, जीवंत और जागरूक लोकतंत्रों में गिना जाता है। यह संविधान की मजबूत नींव, संस्थाओं की पारदर्शिता और जनता की जागरूकता से संचालित होता है। परंतु विडंबना यह है कि देश का विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस और उनके नेता राहुल गांधी, बार-बार लोकतंत्र और संविधान पर खतरे की झूठी दुहाई देकर एक अनावश्यक और निरर्थक बहस छेड़ते रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को घेरने एवं दोषी ठहराने के लिये न केवल उन पर आधारहीन आरोप लगाते रहते हैं, वरन देश की संवैधानिक संस्थाओं, प्रक्रियाओं और संविधान के ही खतरे में होने का राग अलापते हुए उन्हें लांछित करने का प्रयास करते हैं। ऐसे नेता संविधान की दुहाई देते हैं, वे स्वयं संविधान और कानून की धज्जियां उड़ाते दिखते हैं। लोकतंत्र की आत्मा पर इस तरह का प्रहार विपक्ष की भूमिका पर एक बड़ा प्रश्न है। विडम्बना एवं चिन्ताजनक है कि राहुल गांधी अपनी विदेश यात्राओं में भी मोदी-भाजपा का विरोध करते-करते देश-विरोध पर उतर जाते हैं, जिससे विदेशों में भारत की छवि का भारी नुकसान होता है और विदेशियों को लगता था कि भारत में लोकतंत्र और संविधान ढह रहा है। नेता-प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं उनके सहयोगी जब यह कहते हैं कि 'देश में लोकतंत्र समाप्त हो गया है', 'संविधान खतरे में है', तब यह केवल एक राजनीतिक शगूफा प्रतीत होता है, न कि कोई तर्कसम्मत आलोचना। यदि वास्तव में लोकतंत्र खतरे में होता, तो क्या वे हर मंच से खुलकर सरकार की आलोचना कर पाते? क्या संसद, मीडिया, चुनाव आयोग, और न्यायपालिका जैसी संस्थाएं उनके वक्तव्यों को स्थान देतीं? असल में तो 1975 में लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में आये थे जब तत्कालिन प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी ने अपनी सरकार बचाने हेतु अनुच्छेद 352 के अंतर्गत 'आंतरिक अशांति' के आधार पर आपातकाल लगाया तथा लोकतंत्र और संविधान को दरकिनार कर हजारों नेताओं एवं बेगुनाह लोगों को कठोर कानूनों के अंतर्गत जेल भेज दिया। आजादी के बाद तब पहली और आखरी बार लोकतंत्र खतरे में आया था, तब संविधान भी खतरे में चला गया था। राहुल गांधी अपने गिरेबान में झांकने एवं कांग्रेस के अतीत को देखने की बजाय मोदी-भाजपा पर लोकतंत्र एवं संविधान को खतरे में डालने का बेबुनियाद, भ्रामक एवं आधारहीन आरोप मंढते हैं। इन त्रासद स्थितियों में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि विपक्ष लोकतंत्र की रक्षा नहीं, बल्कि अपने खोए हुए जनाधार को पुनः प्राप्त करने के लिए लोकतंत्र को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। विशेषतः लोकसभा हो या विधानसभा के चुनाव-इनमें जरूरी एवं जनता से जुड़े विषयों को उठाने की बजाय लोकतंत्र एवं संविधान के खतरे में होने के राग से जनता को गुमराह करना आम बात हो गयी है। देशभर में एवं अनेक राज्यों में बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार आदि के अवैध घुसपैठियें बड़ी मात्रा में घुस आये हैं। अपने वोट बैंक को बढ़ाने के लिये इन घुसपैठियों को इन विपक्षी दलों की शह पर ही जगह मिल रही है, ये घुसपैठियें न केवल फर्जी तरीकों से आधार, पैन, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि दस्तावेज प्राप्त कर कई निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता-सूचियों में अपना नाम अंकित करा लिया है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 21 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1645 किंग राजवंश के रेजिडेंट डॉर्गन ने एक एडिशन जारी किया जिसमें सभी हैनचैनी पुरुषों को माथे के बाल काटने के लिए उनके माथे को शेव करने के लिए कहा गया था और बाकी के बालों को भी कतार में खड़ा किया था।
- 1711 पृथ की संधि पर तुर्क साम्राज्य और रूस ने हस्ताक्षर किए।
- 1718 ओटोमन साम्राज्य, ऑस्ट्रिया और वेनिस गणराज्य के बीच पासारोवित्ज़ की संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
- 1749 पीटर स्टेन हॉलैंड के पेंशन सलाहकार बनाये गए।
- 1773 पोप क्लेमेन्स ने जीसस पर प्रतिबन्ध लगाया।
- 1774 रुसो-तुर्की युद्ध आधिकारिक रूप से रूसी महारानी के बाद समाप्त हो गया, जब ओटोमन साम्राज्य ने कुडिसन कयर्नका की संधि पर हस्ताक्षर किए, जिसमें येडिसन क्षेत्र के पूर्व के सीटरिंग भाग थे।
- 1796 मुनगो पार्क बामना साम्राज्य की राजधानी सेगोऊ तक पंहुचा।
- 1831 ब्रुसेल्स में, लियोपोल्ड द्व का उद्घाटन बेल्जियम के पहले राजा के रूप में किया गया था।
- 1831 बेल्जियम ने नीदरलैंड से स्वतंत्रता हासिल की और लियोपोल्ड प्रथम राजा बने।
- 1861 बुल रन की पहली लड़ाई में, अमेरिकी नागरिक युद्ध, जोसेफ ई। जॉनसनंद पी। जी। टी। बेउरगार्ड के तहत संघटित सेना, इरविन मैकडोवेल के नेतृत्व में पहली बड़ी जमीनी लड़ाई।
- 1865 अमेरिकी ओल्ड वेस्ट में %क्विक ड्रॉ% गन के कुछ रिकॉर्ड किए गए उदाहरणों में से एक में, वाइल्ड बिल हिकॉक ने डेविस टुटओवर को एक पोकर ऋण की गोली मारकर हत्या कर दी।
- 1884 पहला टेस्ट क्रिकेट मैच लॉर्ड्स के मैदान पर खेला गया।
- 1884 पहला क्रिकेट टेस्ट मैच इंग्लैंड के लॉर्ड्स मैदान पर खेला गया।
- 1888 ब्रिटेन के आविष्कारक डनलप ने टायर और ट्यूब तैयार किया जिससे परिवहन साधनों की गति बढ़ी।
- 1902 लुमिनेंस फुटबॉल क्लब की स्थापना ब्राजील के रियो डी जनेरियो में हुई।
- 1925 अमेरिकन हाई स्कूल बायोलॉजी के शिक्षक जॉन टी। स्कोप्स ने टेनेसी के बटलर एक्ट का उल्लंघन करते हुए विकासवाद की शिक्षा दी।
- 1940 सोवियत संघ ने एस्टोनिया लातविया और लिथुआनिया पर कब्जा किया।
- 1944 द्वितीय विश्व युद्ध-अमेरिकी सैनिकों ने इसे जापानी नियंत्रण से मुक्त करने के लिए गुआम पर उतरा।
- 1970 मिस्र में असवान हाई डैम पूरा किया गया।
- 1970 मिस्र में असवान हाई डैम 11 साल की टालमटोल के बाद पूरा हुआ।
- 1973 मोसाद एजेंटों ने गलती से एक मोरक्को के वेटर लिलीहैमर, नॉर्वे की हत्या कर दी, जिनके बारे में उनका मानना ??था कि वह 1972 के ओलंपिक हत्याकांड में शामिल थे।
- 1977 लीबिया की सेनाओं ने सल्लुम में मिस्र के साथ चार दिवसीय स्पार्क करते हुए एक छापा मारा।
- 1983 अंटार्कटिका के वोस्टॉक में सबसे कम तापमान माइनस 89.2 डिग्री दर्ज किया गया।

विशेष आलेख

# आस्था बनाम इंस्टाग्रामः किस ओर जा रही है हमारी पहचान?



आर.के.जैन

**बात सिर्फ दीपावली या करवा चौथ तक सीमित नहीं है। नवरात्रि, जो कभी माँ दुर्गा की अराधना और आत्मिक शुद्धि का पवित्र समय था, अब थीम-आधारित गरबा नाइट्स, डिज़ाइनर डांडिया स्टिक्स और इंस्टाग्राम-परफेक्ट पलों की दौड़ में बदल चुकी है। एक अनुमान के अनुसार, 2024 में भारत में गरबा इवेंट्स का बाजार 5000 करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। ये आंकड़े हमें यह सवाल उठाने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमारी भक्ति अब बाजार की चमक-दमक में दब गई है?**

पहले त्योहारों की आत्मा रसोई में माँ के हाथों की मिठास, मंदिर की घंटियों की मधुर झंकार और परिवार के ठहाकों की गर्मजोशी में पलती थी। वह दौर था जब दीपावली की दीपशिखा दिलों में रोशनी बिखेरती थी और करवा चौथ की थाली अटूट प्रेम का आईना हुआ करती थी। मगर आज, यह आत्मा इंस्टाग्राम की रील्स, प्रोफेशनल फोटोशूट्स और थीम-बेस्ड इवेंट्स की चमक-दमक में कहीं गुम सी हो गई है। दीपों की जगमगाहट अब लाइक्स की गिनती में सिमटती जा रही है, और करवा चौथ की थाली सोशल मीडिया की क्षणिक स्टोरी बनकर रह गई है। सवाल यह नहीं कि हम त्योहार मना रहे हैं या नहीं, सवाल यह है कि क्या हम उनकी गहराई को जी रहे हैं, या बस एक सांस्कृतिक नाटक का मंचन कर रहे हैं? क्या हमारी संस्कृति अब केवल दिखावे की चकाचौंध है, या उसमें अभी भी वह आत्मीयता और आध्यात्मिकता बाकी है जो हमें पीढ़ियों से एकसूत्र में बांधती आई है?

हमारी संस्कृति की नींव हमेशा उसकी भावनात्मक और आध्यात्मिक गहराई रही है। त्योहार महज रस्मों का नाम नहीं थे; वे थे एक सामूहिक उत्साह, जो प्रेम, एकता और कृतज्ञता के रंगों से जीवन को रंग देता था। मिसाल के तौर पर, दीपावली सिर्फ दीप जलाने का पर्व नहीं थी; वह थी अंधकार पर उजाले की विजय और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक। लेकिन आज, 2023 के एक सर्वे (प्यू रिसर्च सेंटर) के मुताबिक, भारत में 68त्न युवा अपने त्योहारों को सोशल मीडिया पर साझा करते हैं, जिनमें से 43त्न इसे तैयार करने में घंटों खर्च करते हैं। यह आंकड़ा बताता है कि त्योहार अब उत्सव कम, सोशल मीडिया की 'पोस्ट' ज्यादा बन गए हैं।

बात सिर्फ दीपावली या करवा चौथ तक सीमित नहीं है। नवरात्रि, जो कभी माँ दुर्गा की अराधना और आत्मिक शुद्धि का पवित्र समय था, अब थीम-आधारित गरबा नाइट्स, डिज़ाइनर डांडिया स्टिक्स और इंस्टाग्राम-परफेक्ट पलों की दौड़ में बदल चुकी है। एक अनुमान के अनुसार, 2024 में भारत में गरबा इवेंट्स का बाजार 5000 करोड़ रुपये से अधिक का हो चुका है। ये आंकड़े हमें यह सवाल उठाने पर मजबूर करते हैं कि क्या हमारी भक्ति अब बाजार की चमक-दमक में दब गई है? क्या हम मंदिर में माँ के चरणों में शीश झुकाने जाते हैं, या बस एक और वायरल रील की खोज में हैं?

यह बदलाव केवल सतह पर नहीं रुका; यह हमारे सामाजिक ताने-बाने को भीतर तक प्रभावित कर रहा है। पहले त्योहार रिश्तों में गर्माहट और अपनापन लाते थे; आज वे एक चमकदार प्रतिस्पर्धा का रूप ले चुके हैं। सबसे शानदार पंडाल कौन सा? सबसे ट्रेंडी सजावट किसकी? किसकी दिवाली पार्टी में सबसे ज्यादा भीड़? यह होड़ न सिर्फ हमारी भावनाओं को दिखावे की चादर ओढ़ा रही है, बल्कि हमारी नई पीढ़ी को भी गलत राह दिखा रही है। बच्चे अब होली के रंगों का आध्यात्मिक मोल नहीं समझ रहे; उनकी नजर इस बात पर है कि कौन सा रंग कैमरे में ज्यादा चटक दिखेगा। 2022 के एक अध्ययन के मुताबिक, 10-14 साल के 56त्न बच्चे त्योहारों को फोटो अपॉर्च्युनिटी मानते हैं, न कि आध्यात्मिक अनुभव। यह बदलाव हमें यह सोचने पर विवश करता है कि क्या हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को जी रहे हैं, या उसे बस एक सोशल मीडिया पोस्ट में समेट रहे हैं?

यह सांस्कृतिक बदलाव केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामुदायिक स्तर पर भी गहरे निशान छोड़ रहा है। कभी गाँवों और मोहल्लों में त्योहार एक सामूहिक उल्लास का प्रतीक थे, जहाँ अमीर-गरीब, छोटा-बड़ा, बिना भेदभाव के एकसाथ झूमता था। आज, बड़े शहरों में ये त्योहार टिकटेड इवेंट्स में सिमट गए हैं, जहाँ प्रवेश के लिए मोटी रकम और स्टेटस की अनिवार्यता ने सामाजिक समरसता को किनारे कर दिया। मिसाल के तौर पर, दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में प्रीमियम गरबा नाइट्स के टिकट 5000 रुपये से शुरू होते हैं। यह बदलाव एक कड़वा सवाल हमारे सामने रखता है—क्या हमारी संस्कृति अब केवल उन लोगों की बपौती बनकर रह गई है जो इसे खरीद सकते हैं?

इस चकाचौंध के बीच हमारी संस्कृति की आत्मा कहीं गुम होती जा रही है। संस्कृति कभी महज रस्मों, चमकदार लहंगों या लजीज व्यंजनों का नाम नहीं थी। वह थी वह जीवंत शक्ति, जो हमें हमारी जड़ों, हमारे मूल्यों और हमारी पहचान से जोड़ती थी। वह हमें सिखाती थी कि सच्ची खुशी सादगी में बसती है, कि भक्ति दिखावे का मुखौटा नहीं, दिल से उमड़ने वाला भाव है। मगर आज, जब पूजा की थाली का हर सामान ब्रांडेड हो गया है, और हर रस्म एक फोटोशूट का हिस्सा बन गई है, तो क्या हम उस आत्मा को सचमुच जी पा रहे हैं?

यह रुझान हमें एक खतरनाक दोराहे पर लाकर खड़ा कर रहा है। अगर हमने अपनी संस्कृति को महज प्रदर्शन बनने दिया, तो वह धीरे-धीरे खोखली हो जाएगी। हमारी अगली पीढ़ी को विरासत में सिर्फ फ़िल्टर और फ्रेम्स मिलेंगे, न कि वह भावनात्मक गहराई जो हमें एक-दूसरे से जोड़ती है। संस्कृति कोई मंचीय नाटक नहीं, जिसे तालियों की गड़गड़ाहट के बाद भुला दिया जाए। यह वह अमूल्य धरोहर है, जो पीढ़ियों को एकसूत्र में बांधती है, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़े रखती है।हल यह नहीं कि हम सोशल मीडिया को त्याग दें या आधुनिकता से मुँह मोड़ लें। जरूरत है एक संतुलन की, जहाँ हम अपनी संस्कृति को फिर से उसका मूल स्वरूप लौटाएँ। हमें अपने बच्चों को सिखाना होगा कि दीप जलाना केवल इंस्टाग्राम की पोस्ट नहीं, बल्कि भीतर के अंधेरे को उजाले से भरने का प्रतीक है। हमें समझाना होगा कि करवा चौथ का व्रत साड़ी और मेकअप की चमक से कहीं ज्यादा प्रेम और समर्पण की कहानी है।

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए घातक होगा 'माँसाहारी दूध' का आयात



हरीश शिवनानी

**इस बार उनका नया शगूफा है भारत के साथ व्यापारिक समझौते के तहत उस दूध और वे डेयरी प्रोडक्ट भारत को बेचना जिनमें जानवरों के माँस, वसा, हड्डियों का चूरा और खून का इस्तेमाल होता है। भारत ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक परंपराओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल होने के कारण इसे अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए इसके आयात के लिए स्पष्ट इनकार कर दिया है। इससे बौखलाया अमेरिका 'माँसाहारी दूध' निर्यात करने का दबाव डालने के लिए विश्व व्यापार संगठन तक पहुंच गया है पर भारत भी आयात न करने के अपने दृढ़ रुख पर कायम है।**

इस वर्ष की शुरूआत में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी दूसरी पारी की शपथ ली तो किसी को अहसास नहीं था कि वे इस बार अड़ियल तरीके से ऐसे बेतुके निर्णय लेंगे जो कई देशों के लिए मुसीबत बन जाएंगे। टैरिफ का मामला, अवैध प्रवासियों को अपने देश भेजना हो या ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच सीज़फायर करवाने का श्रेय लेने के लिए 24 बार दावे करना ऐसे ही थे। इस बार उनका नया शगूफा है भारत के साथ व्यापारिक समझौते के तहत उस दूध और वे डेयरी प्रोडक्ट भारत को बेचना जिनमें जानवरों के माँस, वसा, हड्डियों का चूरा और खून का इस्तेमाल होता है। भारत ने अपनी धार्मिक, सांस्कृतिक परंपराओं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए प्रतिकूल होने के कारण इसे अत्यंत आपत्तिजनक बताते हुए इसके आयात के लिए स्पष्ट इनकार कर दिया है। इससे बौखलाया अमेरिका 'माँसाहारी दूध' निर्यात करने का दबाव डालने के लिए विश्व व्यापार संगठन तक पहुंच गया है पर भारत भी आयात न करने के अपने दृढ़ रुख पर कायम है।अमेरिका, ब्राजील, चीन,यूरोप और कुछ अन्य देशों में गायों का वजन और दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए माँस आधारित चारा दिया जाता है। इसके तहत 'ब्लडी मील' यानी सूअर, मुर्गी, मछली, घोड़े और यहां तक कि बिल्ली-कुत्ते जैसे जानवरों के अंगों और उनके खून का उपयोग होता है। इसके तहत जानवरों के मरने के बाद उनके खून को सुखाया जाता है फिर उनके माँस, हड्डियों का चूर्ण, मछली पाउडर और जानवरों की चर्बी मिलाकर खास तरह का चारा बनाया जाता है। जिसे 'रेंडर्ड फीड' कहा जाता है। भारतीय मानकों के अनुसार ऐसे दूध को 'माँसाहारी' माना जाता है। भारत ने इसे सख्ती से 'नॉन-नेगोशिएबल रेड लाइन' घोषित कर स्पष्ट कह दिया है कि वह ऐसे किसी भी डेयरी उत्पाद का आयात नहीं करेगा जो 'रेंडर्ड फीड' यानी माँसाहारी चारे से पोषित गायों से प्राप्त हुआ हो। भारत की मांग है कि आयातित दूध के साथ स्पष्ट प्रमाणीकरण हो, जो यह सुनिश्चित करे कि गायों को केवल शाकाहारी चारा दिया गया है। भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड को लेकर रिश्ते पहले ही असहज हैं, अब 'एनिमल बेस्ड मिल्क प्रोडक्ट्स' के आयात के लिए भारत के अमेरिका को पूरी तरह से इनकार के बाद मामला और गंभीर हो गया है। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता का उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। इस राह में डेयरी प्रॉडक्ट पर ट्रेड डील रुकना बड़ी बाधा बनकर उभरा है। यह मुद्दा इतना गहरा गया है कि अमेरिका ने भारत की इन शर्तों को 'अनावश्यक व्यापार बाधा' बताते हुए इस मुद्दे को विश्व व्यापार संगठन तक में उठा लिया है। अमेरिका ने 1 अगस्त 2025 तक इस व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की समय-सीमा तय की है, लेकिन डेयरी उत्पादों को लेकर भारत का सख्त रुख यथावत है।भारत की मुख्य आपत्तियाँ विशेषतः दो बिंदुओं पर हैं। पहली है- धार्मिक और सांस्कृतिक संवेदनशीलता- भारत में गाय को पवित्र माना जाता है और दूध का उपयोग न केवल भोजन में, बल्कि पूजा-पाठ और धार्मिक अनुष्ठानों में भी होता है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

हिंदी सिनेमा में गायिका गीता दत्त ने 20 जुलाई को हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। एक समय पर हिंदी सिनेमा में गीता दत्त की आवाज गूंजा करती थी। गीता ने अपनी जिंदगी में काफी कम समय में शोहरत हासिल कर ली थी।

आज ही के दिन यानी की 20 जुलाई को फेमस गायिका गीता दत्त का निधन हो गया था। हिंदी सिनेमा में गीता दत्त को एक पार्श्व गायिका के रूप में विशेष पहचान मिली थी। भले ही आज गीता दत्त हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन वह अपने गानों के जरिए अपने प्रशंसकों के दिलों में जिंदा रहेंगी। गीता दत्त के गानों लता मंगेशकर भी मुरीद हुआ करती थीं। उन्होंने तमाम सुपरहिट गानों में अपनी आवाज दी थी। जिनको दर्शक आज भी गुनगुनाते हैं। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर गीता दत्त के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

भारत के विभाजन से पहले फरीदपुर में 23 नवंबर 1930 को गीता दत्त का जन्म हुआ था। उनका असली नाम गीता घोष रॉय चौधरी था। वह बांग्लादेश के फरीदपुर जिले की रहने वाली थीं। लेकिन 40 के दशक में गीता का परिवार कोलकात आ गया था। गीता दत्त का संगीत से जुड़ाव बचपन से ही हो गया था। असल में गीता दत्त की मां अमिय देवी एक कवियत्री थीं और उनके पिता मुकुल रॉय संगीतकार थे।

गीता दत्त ने छोटी उम्र से ही गाना शुरूकर दिया था। लेकिन गीता को बतौर सिंगर पहला ब्रेक साल 1946 में मिला था। जब वह महज 16 साल की थीं। गीता दत्त ने फिल्म %भक्त प्रह्लाद%



अभिनेत्री एवं गायिका
बॉलीवुड

के एक गाने में दो लाइनें गाई थीं। फिर उन्होंने फिल्म %दो भाई% के गाने में अपनी आवाज दी।

फिल्म बाजी की शूटिंग के दौरान गीता की गुरु दत्त से दोस्ती हो गई। इस फिल्म के गाने तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले में गीता ने अपनी आवाज दी थी। यह गाना सुपरहिट रहा था। गुरु और गीता की दोस्ती जल्द ही प्यार में बदल गई और साल 1953 में दोनों ने शादी कर ली।

## संस्मरण

# बिजली से भी तेज होती थी ब्रूस ली के किक की रफ्तार

मार्शल आर्ट के बेहतरीन योद्धा ब्रूस ली ने 20 जुलाई को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया था। उनमें फौलाद की तरह ताकत थी। लेकिन जब वह प्रसिद्धि के चरम पर थे, तब उनकी मृत्यु हो गई थी।आज ही के दिन यानी 20 जुलाई को मार्शल आर्ट के बेहतरीन योद्धा ब्रूस ली ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया था। उनकी शोहरत का यह आलम था कि यदि कोई मार्शल आर्ट में अच्छा होता था, तो उसकी तुलना ब्रूस ली से होती है। लेकिन उनकी महज 32 साल की उम्र में मृत्यु हो गई थी। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर मार्शल आर्ट के फेमस योद्धा ब्रूस ली के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...सैन फ्रांसिस्को में 27 नवंबर 1940 को ब्रूस ली का जन्म हुआ था। मार्शल आर्ट के इस योद्धा को उस नर्स ने यह नाम दिया था, जहां पर उनका जन्म हुआ था। ब्रूस ली की मां ने उनका नाम ली जून-फैन रखा था। जोकि एक लड़की का नाम था।

बेहद कम उम्र में ही ब्रूस ली ने अपने करियर की शुरुआत कर दी थी। महज 18 साल की उम्र में ही उन्होंने 20 फिल्मों में एक्टिंग की थी। ब्रूस ली ने अपनी फिल्मों में कई मार्शल कलाकारों के साथ काम किया था, जोकि बाद में बहुत बड़े सितारे बन गए। इस लिस्ट में सामो हंग, चंक नोरिस, जैकी चेन और यूएन बियाओ शामिल थे। ब्रूस ली बॉक्सर मोहम्मद अली और गामा पहलवान के बहुत बड़े फैन थे। ब्रूस ली एक फाइट मोहम्मद अली के साथ भी लड़ना चाहते थे। ब्रूस ली ने अपने करियर में करीब 7 हॉलीवुड फिल्मों में काम किया था। जिनमें से 3 फिल्में ब्रूस ली की मौत के बाद रिलीज हुई थीं।

ब्रूस ली ने 18 साल की उम्र में वॉशिंगटन यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया। यूनिवर्सिटी की फीस भरने के लिए ब्रूस ली ने लोगों को कुंग फू सिखाना शुरूकर दिया था। साल 1962 में उन्होंने एक फाइट लड़ी थी, जिसमें महज 11 सेकेंड में अपने विरोधी को 15 पंच मारे थे। ब्रूस ली दो उंगलियों से पुश अप लगा लेते थे। ब्रूस ली के किक की रफ्तार इतनी तेज होती थी कि शूटिंग के समय एक शूट को 34 फ्रेम स्लो करना पड़ता था।

बताया जाता है कि ब्रूस ली को पानी से बहुत नफरत थी और उनको तैरना भी नहीं आता ता। वहीं दावा किया जाता है कि ब्रूस ली की मौत की वजह भी पानी ही बना। बता दें कि 20 जुलाई 1973 को ब्रूस ली की 32 साल की उम्र में मृत्यु हो गई थी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में भी जीत मिलेगी, इसलिए आप किसी बहसबाजी में ना पड़ें। यदि आपका धन व्यापार में कहीं फंसा हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

**वृष**
आज का दिन आपके लिए धनधान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप कोई निर्णय जल्दबाजी मे लेंगे, तो उसके लिए आपको बाद में पछतावा होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क**
आपको हर काम में सावधान रहने की जरूरत है. किसी दूसरे व्यक्ति की वजह से आपके काम में जरूरत से ज्यादा समय लग सकता है. कुछ आदतों में सुधार लाने से आपका दिन बेहतर हो सकता है. जीवनसाथी के साथ आपको प्यार से बात करनी चाहिए।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होने से आपको धोखा मिल सकता है। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने पिताजी से पैतृक बिजनेस को लेकर सलाह ले सकते हैं।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मेहनत से काम करने के लिए रहेगा। आप अपने कामों में पूरी मेहनत से जुटेंगे, लेकिन आपका ध्यान फिर भी दूसरी जगह लगेगा। आपको अपने खर्चों पर भी थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। जीवनसाथी से यदि आप कोई बात गुप्त रखे, तो वह उनके सामने उजागर हो सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए तरक्की के नए-नए मार्ग खोलेगा। आप किसी की बातों में आकर कोई निवेश संबंधित फैसला न लें। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है, क्योंकि साथी के साथ उनकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं। आपको काम के सिलसिले में किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है। राजनीति में कार्यरत लोगों की कुछ नए लोगों से जान पहचान बढ़ेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आपका कोई काम समय से पूर्ण न होने के कारण आपके मन में निराशा बनी रहेगी। परिवार में भी लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य भरपूर मात्रा में मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में आप लापरवाही बिल्कुल ना करें।

**मीन**
आज कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को उनकी मेहनत का फल मिलेगा, जिससे वह अच्छा लाभ कमाएंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। यदि आपका कोई काम लंबे समय से रुका हुआ था, तो वह भी माता-पिता के आशीर्वाद से पूरा होता दिख रहा है।

# नगर परिषद ने 78 बंदरों को पकड़कर पाली घाट पर छोड़ा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** नगर परिषद सवाई माधोपुर द्वारा शनिवार को 78 बंदर पकड़कर पाली घाट छोड़े गये। नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में बंदरों के आतंक से आमजन को राहत देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसके मद्देनजर नगर परिषद टीम की ओर से कार्यवाही करते हुए शनिवार को सब्जी मंडी से 18 एवं आलनपुर क्षेत्र में अनाज मंडी से 60 बंदरों को पिंजरे लगाकर पकड़ा गया। संबंधित संवेदक टीम द्वारा इन बंदरों को पाली घाट के आसपास आबादी से दूरदराज इलाकों में छोड़ा गया। आयुक्त ने बताया कि नगर परिषद के सभी चिन्हित इलाकों से बंदर पकड़ने की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी ताकि आमजन को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके।

# शादी से इनकार करने पर 20 वर्षीय युवती की हत्या : शिक्षक बनने का था सपना, घास काटने गई थी मां

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/ करौली ( राकेश शर्मा )।** टोडाभीम क्षेत्र में विगत दिवस सुबह घर पर खाना बना रही 20 वर्षीय युवती की हत्या का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने गला दबाकर और पत्थर से सिर कुचलकर युवती की निर्मम हत्या कर दी। घटना की सूचना पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, मृतका की मां सुबह घास काटने के लिए खेत गई थी। करीब 9 बजे जब वह घास लेकर घर लौटी तो बेटी को घर के अंदर मृत अवस्था में खून से लथपथ देखा। उसने तुरंत इसकी जानकारी पड़ोसियों को दी साथ ही पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस उपाधीक्षक मुरारीलाल मीणा पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## आरोपी युवक से चल रही थी शादी की बात

मृतका की मां ने बताया कि दौसा जिले के बैजुपाड़ा थाना क्षेत्र के कोठीन गांव निवासी खेमचंद मीना से बेटी के रिश्ते की बात चल रही थी। लेकिन लड़के के पिता ने ही यह कहकर शादी से इनकार कर दिया कि उनका बेटा कुछ कमाता नहीं है। वे इसकी जिम्मेदारी नहीं ले सकते हैं। इसके बाद मृतका की मां ने भी शादी से इनकार कर दिया, लेकिन आरोपी खेमचंद युवती पर शादी के लिए दबाव बना रहा था।

## 20 दिन पहले युवती को घेर लिया था

मां ने बताया कि करीब 20 दिन पहले उसकी बेटी को खेमचंद ने महुआ में घेर लिया था। जिसकी रिपोर्ट महुआ थाने में दी थी। आए दिन वह उसे धमकियां देकर परेशान कर रहा था। शुक्रवार को उसने उसकी बेटी की गलाकर दबाकर व सिर कुचलकर हत्या कर दी। मामले में डीएसपी मुरारीलाल ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## पिता का दस साल पहले हो चुका निधन

मृतका के पिता की मृत्यु लगभग 10 वर्ष पूर्व हो चुकी है। मृतका अपनी मां के साथ ही घर पर रहती थी। मृतका के भाई और भाभी दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जबकि बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। मृतका दौसा से बीएसटीसी की पढ़ाई कर रही थी और उसका सपना शिक्षक बनने का था। घटना के बाद लोगों में रोष है। उन्होंने आरोपी युवक को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है।

## पुलिस ने जुटाए फॉरेंसिक साक्ष्य

घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फॉरेंसिक साइंस लैब की टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने घटना स्थल से अहम साक्ष्य एकत्रित किए। घटना को लेकर मृतका की मां ने एक युवक को नामजद कर मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हत्या के आरोपी युवक खेमचंद मीणा निवासी कोठीन की तलाश में पुलिस टीम रवाना कर दी है। घटना की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र पाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटनाř म की जानकारी ली।

# सहयोग और समर्थन मिला तो समस्याओं का समाधान भी होगा और विकास भी करेगें : बलदेव

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय महासभा की टोंक प्रदेश इकाई के होने वाले चुनावो में अध्यक्ष पद के दावेदार समाजसेवी बलदेव विजयवर्गीय ने कहा है कि यदि समर्थन और सहयोग मिलता है तो सब मिलकर विकास भी करेगें और समस्याओं का समाधान भी होगा। बलदेव विजयवर्गीय अपने समर्थको के साथ मालपुरा समाज से समर्थन की अपील करने के लिए मालपुरा आए। इस दौरान बलदेव जयपुर रोड पर रतन राणोली वालो के मॉल में रूके। जहों एक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में मालपुरा विजयपर्गीय समाज की ओर से काफी समाजबंधु मौजुद रहे। इस दौरान अपने सम्बोधन में प्रत्याशी बलदेव विजयवर्गीय ने कहा कि टोंक प्रदेश में काफी गन्दगी फैल चुकी है। समाज की सम्पतियो का बिना आम राय के बेच दिया गया है। इसके अलावा डिग्गी स्थित समाज की धर्मशाला के मामले को लेकर समाज के कई लोगो पर मुकदमे भी चल रहे हैं। जो सर्वथा गलत है। समाज में यह सब नहीं होना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि यदि समर्थन और सहयोग मिलता है तो आने वाले समय में सभी के सहयोग से समस्याओं का समाधान भी होगा और विकास भी किया जाएगा। बैठक में रामगोपाल विजयवर्गीय वर्गीय अरनिया माल वाले, गोविन्द नारायण बम्बोर वाले, सुरेश चन्द बिणजारी वाले, कमलेश लवादर वाले, रामबाबू झिराना वाले, कृष्ण बिहारी विजय पीपलू वाले, त्रिलोकचन्द विजयवर्गीय, रामचरण डांस , रोहण बोरा, सहित अन्य कई समाजबंधुओं ने विचार प्रकट करते हुए बलदेव विजयवर्गीय को समर्थन का भरोसा दिलाया। अंत में टोंक प्रदेश के अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी बलदेव विजयवर्गीय का मालाऐं पहना कर स्वागत कर समर्थन प्रकट किया। बैठक में मालपुरा समाज की ओर से सीताराम डालमियां, प्रहलाद सागरिया, गोविन्द नारायण राजपुरा, अक्षय राजपुरा, विष्णु राजपुरा, राकेश बढ़ारड़ा, बलराम विजय, खेमराज विजय, कमलेश सिंधोलिया, गिरिराज बिचुण, रामबाबू विजय डिग्गी, रामबाबू विजय चांदसेन, अमित विजय राजपुरा पत्रकार रामजीलाल पिजसूय सहित मालपुरा समाज के अन्य कई समाजबंधु मौजुद रहे।

# कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासल अलर्ट मोड पर, सुरक्षा के पुख्ता और चाकचोक प्रबन्ध

## एसपी ने थाना परिसर में बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा में सोमवार को प्रवेश करने वाली 9वीं कावड़ यात्रा को लेकर समूचा प्रशासल अलर्ट मोड पर आ चुका है। सुरक्षा के व्यापक, कड़े एवं चोक चोबन्द प्रबन्ध किए गए है। मालपुरा शहर से रविवार को अल सवेरे रवाना हुए कावड़िए दोपहर बाद बीसलपुर से पवित्र जल लेकर पैदल रवाना होकर मोर आकर रात्रि विश्राम करेगें। जहां से कावड़िऐ सोमवार को रवाना होकर देर शाम तक मालपुरा पहुंच कर कृषि मंडी स्थित शिवालय में जलाभिषेक करेगें। कावड़ यात्रा टोडारायसिंह दूदू स्टेट हाईवे पर आरएसी चोकी के पास से मालपुरा सीमा में प्रवेश करेगी। जहां से स्टेट मार्ग होते हुए टोडा रोड से केकड़ी रोड तिराहे, ट्रक स्टेण्ड, बस स्टेण्ड के बाहर, डेयरी तिराहे, व्यास सर्किल होते हुए कृषि परिसर पहुंचेगी। इस कावड़ यात्रा को लेकर मालपुरा शहर में सुरक्षा के व्यापक, कड़े एवं चाक चोबन्द प्रबन्ध किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से सोमवार को चप्पे चप्पे पर पुलिस अधिकारी व सुरक्षा जवानो के अलावा अर्द्ध सैनिक बल के जवान भी तैनात रहेगें। जिसमें 11 एएसपी , 15 डीवाईएसपी स्तर के अधिकारियो के अलावा 1200 के लगभग सुरक्षा जवान लगाए गए हैं। इसके अलावा कावड़ यात्रा के मुख्य मार्ग में शहर के खुलने वाले सभी रास्तो को बेरिकेटिंग लगाकर यात्रा के दौरान आवागमन रोका जाएगा। सुरक्षा इन्तजामो में 50 सीसीटीवी केमरे व 5 ड्रोन केमरे भी आकश से नजर रखेगें। पुलिस प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओ की निगरानी आईजी ओमप्रकाश एवं एसपी विकास सांगवान स्वयं मालपुरा में मोजुद रहकर करेगें। इसी क्रम में रविवार को दोपहर बाद एएसपी मोटाराम बेनीवाल ने पुलिस थाने में पुलिस प्रशासन की ओर से कावड़ यात्रा को लेकर किए गए सुरक्षा व्यवस्थाओ का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्थाओ को ओर अधिक सुदृढ करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस दौरान एमपी के साथ डीवाईएसपी आशिष प्रजापत, थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा भी मौजुद रहे। इधर कावड़ यात्रा के मण्डी में जलाभिषेक के चलते व्यापार मंडल मालपुरा ने सोमवार को मण्डी कारोबार बंद रखने का निर्णय लिया है।

# करमोदा में वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान

## महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं और स्वरोजगार के लिए किया प्रेरित

बढ़ता राजस्थान




**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** ग्राम पंचायत करमोदा में राजीविका समूह की महिलाओं के लिए वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न बैंकिंग एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी ग्रामीण स्तर तक पहुंचाकर सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करना रहा। शिविर में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक प्रदीप कुमार ने महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनके परिवारजनों को भी इनसे जोड़ने का आह्वान किया। बैंक ऑफ बड़ौदा सूरवाल शाखा की शाखा प्रबंधक रमता बाजपई ने मुद्रा योजना, अटल पेंशन योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना की जानकारी दी और महिलाओं को भविष्य के लिए वित्तीय रूप से सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ौदा आर.सेटी. के निदेशक नीरज गोपालिया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आरसेटी के माध्यम से उपलब्ध नि:शुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए उन्हें स्वरोजगार से जुड़कर आजीविका में वृद्धि करने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान उपस्थित महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, डिजिटल लेन-देन, साइबर सुरक्षा, बैंकिंग सुरक्षा योजनाओं तथा बीमा, ई-केवाईसी, अटल पेंशन योजना जैसी सेवाओं से मौके पर ही जोड़ा गया। इस अभियान के तहत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। राजीविका से स्टेट रिसोर्स पर्सन डॉ. मदन सिंह शेखावत, आरसेटी फैकल्टी लोकेश जांगिड़ तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के बीसी सुपरवाइजर सहित अन्य बैंक प्रतिनिधि भी शिविर में उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं का प्यार ही मेरी ताकत : नरेश मीणा



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राष्ट्रीय राजमार्ग बरथल तिराहे पर विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा व राजेंद्र गुढ़ा के कोटा-बारां दौरा के दौरान निवाई पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी नरेश मीणा ने कहा कि सत्य परेशान होता है पर पराजित नहीं होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि कार्यकताओं एवं लोगों मुझे भरपूर प्यार दिया है। वही मेरी सबसे बडी जीत है। इसके लिए मैं सदेव उनका ऋणी रहुंगा। कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी आपका इसी प्रकार का प्यार मिलेगा तो सफलता जरूर मिलेगी। इस दौरान पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा व ब्लॉक अध्यक्ष सीताराम मीणा के नेतृत्व में रमेशचंद मीणा, फूलचन्द, अक्षयकुमार,मुकेश मीणा, विनोदकुमार, मुकेश सुनारा, बनवारी बरथल, हरि सरपंच, रामलाल गुड्डा, पप्पू गुड्डा, हरिराम, गणेश मीणा, मुकेश मीणा, बनवारीलाल व श्रीराम मीना सहित सर्व समाज के कई युवा मौजूद थे।

# चार वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत, लटिया नाले के तेज बहाव ने ली जान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** बारिश के चलते इन दिनों लटिया नाला उफान पर है। इसके बावजूद लोग लटिया नाले में नहाने को उतर रहे हैं। शनिवार को लटिया नाले की तरफ गया एक चार वर्षीय बालक पानी के बहाव में बह गया। इस दौरान नाले में नहा रहे युवकों ने देखकर उसे पानी से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बच्चे को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मृत बालक जुबेर खान (4) पुत्र जाकिर खान है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार घटना सुबह करीब साढ़े दस बजे के आसपास की बताई जा रही है। कुम्हार मोहल्ला निवासी बालक जुबेर घर से सामने दुकान की कहकर निकला था। अचानक लटिया नाले में आ रहे पानी के तेज बहाव में पैर फिसलने से बह गया और डूब गया।

## मोहल्ले के लोगों ने निकाला बाहर

**कुछ देर बाद शव पानी के ऊपर आया तो कागजी मोहल्ला के पास लोगों ने पानी से बाहर निकाला। साथ ही पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाली थानाधिकारी हरलाल मीना एवं उनकी टीम मौके पर पहुंची और बच्चे को जिला अस्पताल लेकर गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।**

# पुलिस को देखकर दौड़ाई गाड़ी, पोल से जा भिड़ी

## 10 प्लास्टिक के कट्टों में 198 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले में बौंली थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 198 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी केंट्रा गाड़ी में चित्तौड़गढ़ व झालावाड़ से डोडा पोस्त सप्लाई करने के लिए जा रहे थे। थानाधिकारी राधारमन गुप्ता ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली तो पुलिस ने हरसोता गांव में चौराहे के पास एक केंट्रा गाड़ी संदिग्ध लगने पर रुकवाने की कोशिश की।

## पुलिस को देखकर दौड़ाई गाड़ी

पुलिस को देखकर गाड़ी चालक ने गाड़ी की गति तेज कर दी। इस दौरान गाड़ी अनियंत्रित होकर पोल व केबिन से टकराकर क्षतिग्रस्त गई। पुलिस ने कार का पीछाकर उसे जब्त कर लिया। तलाशी ली तो वाहन के अंदर प्लास्टिक के 10 कट्टों में अवैध डोडा चूरा पोस्त मिला।

## 10 प्लास्टिक के कट्टों में 198 किलोग्राम डोडा पोस्त

हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए नेपालसिंह, रूपेन्द्रसिंह व ललित कुमार को गिरफ्तार किया। गाड़ी में 10 प्लास्टिक के कट्टों में 198 किलोग्राम डोडा पोस्त भरा हुआ था। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि गाड़ी में वे 3 जने थे। वे चित्तौड़गढ़ व झालावाड़ से कोटपूतली में अवैध डोडा पोस्त सप्लाई करने जा रहे थे।

# कृषि उपज मंडी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में व्यापारियों व मंडी प्रशासन की टीम रही विजेता

## प्रतियोगिताओं को लेकर व्यापारियों, पल्लेदरों, मुनीम संघ एवं मंडी प्रशासन में भारी उत्साह

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** कृषि उपज मंडी समिति के तत्वावधान में मंडी के स्थापना दिवस पर आयोजित सेमीफाईनल प्रतियोगिता के प्रथम मैच में सी एण्ड एफ के व्यापारी व द्वितीय मैच में मंडी प्रशासन की टीम विजेता रही। मंडी सचिव डॉ. कमलकिशोर सोनी ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर सी एण्ड एफ व बी ब्लॉक के व्यापारियों के मध्य मैच का रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें बी ब्लॉक के व्यापारियों ने 10 ओवर में 97 रन बनाए व प्रतिद्वंदी सी एण्ड एफ ब्लॉक के व्यापारियों की टीम ने 10 ओवर में 98 रन बनाए। जिससे सी एण्ड एफ ब्लॉक के व्यापारी 1 रन से विजेता रहे। इसी प्रकार छठा मैच मुनीम संघ व मंडी प्रशासन के मध्य रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें मुनीम संघ ने 14 ओवर में 163 रन बनाए व मंडी प्रशासन ने 13 ओवर में 164 रन बनाए। जिससे मंडी प्रशासन 1 ओवर व 1 रन से विजेता रहा। कप्तान संजना सोनी व कुलदीप पाराशर ने बताया कि मंडी के स्थापना दिवस को लेकर क्रिकेट, कबड्डी, म्यूजिकल चेयर, शतरंज, वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनका परिणाम सोमवार को घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि घोषित परिणाम में विजेता टीमों के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, व्यापार मंडल के संरक्षक ताराचन्द बोहरा, मंडी सचिव कमलकिशोर सोनी, व्यापारी राजेन्द्र चौधरी, पल्लेदार यूनियन अध्यक्ष दुर्गालाल बैरवा, मुनीम संघ अध्यक्ष सीताराम स्वामी, रामअवतार घाटी, राजू पहाडी, मुरारी पंडा, शिवप्रकाश पारीक, राहुल बोहरा, दीपक गुप्ता, बुधराम जाट, कुलदीप पाराशर, अनुज गुर्जर, देवेन्द्रसिंह गुर्जर, बिट्टू जमात, शिवराज माथुर, नरसी जाट, सज्जन परिडवाल, रामराज गुर्जर, धीरज स्वर्णकार, राधे राजवंशी, कमल नानेर व गोविन्द नायक सहित कई व्यापारी, पल्लेदर, मुनीम संघ एवं मंडी प्रशासन के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे।

# कलक्टर ने किया शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

## नगर निगम शहर के नागरिकों से फीडबैक लेकर उसके आधार पर साफ-सफाई व्यवस्था को करें बेहतर

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज प्रात: शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लेकर नगर निगम आयुक्त को नागरिकों से सफाई व्यवस्था पर फीडबैक लेकर शहर की साफ-सफाई व्यवस्था और बेहतर करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने नेहरू गार्डन के आस पास से कर एसएमडी सर्किल, नंगली सर्किल, बिजली नगर सर्किल भगत सिंह सर्किल, अम्बेडकर सर्किल, हसन खां पैनोरमा के आसपास हसन खां नगर एवं शिवाजी पार्क, वीर सावरकर नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी, मनुमार्ग व कबीर कॉलोनी सहित कई जगहों का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि कचरा पॉइंट्स पर गड्डे नहीं रहें, सभी कचरा पॉइंट्स का सर्वे करावें, जहाँ गड्डे हो, उन्हें तुरंत पक्का करावें। उसने आसपास भी जलभराव नहीं होवें, वहाँ इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जावे।उन्होंने शहर के सार्वजनिक शौचालयों व मूत्रालयों की संवेदक द्वारा की जा रही नियमित साफ-साफ की मॉनिटरिंग कर सुनिश्चित करावे कि सार्वजनिक शौचालय की सफाई दुरुस्त रहें। उन्होंने निर्देश दिए की सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यकतानुसार डस्टबिन लगवाएं। डस्टबिन सूखे व गीले कचरे के अलग-अलग लगवाएं जाए। कबीर कॉलोनी में शौचालय के बाहर गंदगी मिलने पर नाराजगी जाहिर कर तुरंत हटवाने के निर्देश दिए। फ्रेंड्स कॉलोनी में निर्माण सामग्री सड़क पर बेतरतिब फैली मिलने पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्माण को फैलाने वाले व्यक्तिको के विरुद्ध पैनल्टी लगाने व नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर के कचरा संवेदनशील बिंदुओं को समाप्त करें।उन्होंने निर्देश दिए कि शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की खुद प्रभावी मॉनिटरिंग करे।

### पोर्टल पर घर बैठे सफाई व रोड़ लाइट की शिकायत, ऑटो टिपर की लाइव लोकेशन कर सकते है ट्रैक

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के नवाचार अतुल्य अलवर अभियान के अंतर्गत नागरिकों को सुशासन और पारदर्शिता प्रदान करने के उद्देश्य से अतुल्य अलवर पोर्टल (.ृजनसलंसूंत.पद) लॉन्च किया गया है जिसके माध्यम से आमजन शहर में साफ-सफाई, पेयजल, रोड लाइट से संबंधित शिकायतों को पोर्टल पर दर्ज कराकर अपनी समस्याओं का समाधान पा सकते हैं। इस पोर्टल पर शिकायतों का पंजीयन कराने के साथ ट्रैक करने की सुविधा, ऑटो टिपर की रियल लाईव लोकेशन तथा अलवर पर्यटन संबंधित पोर्टल व एप लिंक आमजन की सहूलियत के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गई है जिनका सीधा लाभ आमजन को निरन्तर प्राप्त हो रहा है। इस दौरान नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरुका, अधीक्षण अभियंता खेमराज मीणा, सहायक अभियंता दिनेश वर्मा व राजकुमार, कनिष्ठ अभियंता मुस्तफ़ा खां, सफाई प्रभारी उदय सिंह व राकेश शर्मा मौजूद रहे।



### शहर के नागरिकों से लिया फीडबैक, घर से ही सूखे व गीले कचरे को अलग कर ऑटोटिपर में ही डालने की अपील की

जिला कलक्टर ने शिवाजी पार्क, हसन खां, कबीर कॉलोनी सहित कई जगह शहर के नागरिकों से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था व सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे बातचीत कर फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण मैं अलवर शहर को सूखे हुए गीले कचरे को अलग करने में कम नंबर मिले हैं, अत: शहर के प्रत्येक नागरिक अपने शहर को साफ-सुथरा पर स्वच्छ बनाने सहभागी बने। उन्होंने कहाँ कि नागरिक अपने घरों व प्रतिष्ठानों में सूखे व गीले कचरे के अलग-अलग डस्टबिन रखें और यह कचरा नगर निगम के आने वाले ऑटो टिपर में पृथक-पृथक गीले व सूखे के डस्टबिन में ही डालें।उन्होंने कहा कि कैरी बैग को उपयोग में लेना प्रतिबंधित है अत: इसे उपयोग में न लेवे।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग और राज्य सरकार दे इस ओर ध्यान : दायमा

### रास्ते से परेशान, ग्रामीणों ने खुद ही संभाली कमान

### नीमूचाना से सांथलपुर तक का रास्ता बना मुसीबत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर के नीमूचाना से सांथलपुर तक जाने का रास्ता ग्रामीणों की मुसीबत अखाडा बना है। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षों से सरकारों और जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अफसरों तक गुहार लगा चुके हैं स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों को खासकर वर्षा ऋतु में ग्रामीणों को मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। उसका कारण है रास्ते की मिट्टी का कट जाना और कीचड़ हो जाना तथा रास्ते के किनारे पर खरपतवार का उगना। जिसके चलते विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित होती है और डिलीवरी होने वाली महिला को लाने लेजाने में भारी परेशानी होती है।कांग्रेस के युवा नेता राकेश दायमा व ग्रामीणों ने स्वयं ही रास्ते की ट्रेक्टर लगाकर और श्रमदान कर मरम्मत की है। फिर भी ग्रामीणों का कहना है कि अब बरसात का मौसम है जैसे ही बरसात होगी रास्ता फिर ख़राब हो जाएगा। ग्रामीणों ने दायमा के नेतृत्व में सार्वजनिक निर्माण विभाग और राज्य सरकार से अपील की है कि इस रास्ते का सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्माण करवाया जाना चाहिए।इस मार्ग के प्रमुख गाँव ढाणीयाँ धोली कोठी, मालियों की ढाणी, बावड़ियों की ढाणी, माना की ढाणी, पाली बुर्जा और सांथलपुर तक का रास्ता है उक्त रास्ते को ग्रामीणों ने ट्रेक्टर व श्रमदान कर दो दिन में दुरुस्त किया है।



### ग्रामीणों का कहना है

हमने अनेकों बार शासन और प्रशासन से गुहार लगाई है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। अब हमारी सड़क, हमारी जिम्मेदारी। जनप्रतिनिधि चुनाव के समय आते हैं, वादा करते हैं और बाद में सब कुछ भूल जाते हैं।

### विधायक का कहना है

विधायक देवीसिंह शेखावत ने दूरभाष पर बताया कि यह मार्ग तो हमारे प्रोजेक्ट में है ही ओर अन्य भी अनेक मार्गो को सुलभ बनाना है। जितना जल्दी हो सकेगा सड़कों का निर्माण करवाएंगे।

### अधिशाषी अभियंता ने बताया

मेरे संज्ञान में अभी यह रास्ता नहीं आया है मैं कल ऑफिस जाकर दिखवाती हूँ और पता करती हूँ कि ऐसी कोई शिकायत आई है क्या। नीलम पूनिया, अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग बानसूर।

# श्रीमद् भागवत चिंतन से ही जीवन की सार्थकता : वैशाली जसोरिया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** अंतराष्ट्रीय गीता प्रचार मिशन अलवर शाखा द्वारा तीज उत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष तीज उत्सव की थीम आधुनिक युग में श्रीमद् भागवत ज्ञान का महत्व थी। जिला संयोजिका वैशाली जसोरिया ने बताया कि वर्तमान सामाजिक परिवेश में जहां व्यक्ति का जीवन आधुनिक होता जा रहा है वही व्यक्ति धार्मिक व नैतिक कर्मो से दूर होता जा रहा है। इन सब को ध्यान में रखते हुए श्रीमद् भागवत मैं बताएं ज्ञान की आवश्यकता आज प्रत्येक घर व प्रत्येक व्यक्ति को है। इसमें बताएं ज्ञान को जीवन में आत्मसाध करने से परिवार की जड़े मजबूत होती है। सह-सयोजिका संगीता हल्दीया ने बताया कि तीज उत्सव के अंतर्गत तीज के मंगल गीत गए, एक दूसरे को घेवर खिलाकर मुंह मीठा कराया व शुभकामनाएं प्रेषित की तथा सभी को गीता की पुस्तके भेट की। इस अवसर पर अंजु गोयल, शीला गुप्ता, विनीता अग्रवाल, मीनू खंडेलवाल, मोनिका खंडेलवाल, सपना चौहान सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण रैली निकाल किया गया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रविवार को गायत्री परिवार उपजोन अलवर की तरफ से मौजपुर में पर्यावरण संरक्षण रैली स्कूल के बच्चों और गायत्री परिजनों के साथ जिसमें 70 सदस्य शामिल थे निकाली गई । परिजनों के द्वारा श्री शिव हनुमान मंदिर में पौधे भी रोपित किए गए। सप्त सूत्रीय आंदोलन के बारे में वरिष्ठ गायत्री परिजन श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जी ने विस्तार से बताया उपजोन प्रभारी श्रीमान दिनेश गुप्ता जी ने भी साधना अभियान के बारे में जानकारी दी,श्रीमान सतीश बढाया जी ने गायत्री परिवार के प्रज्ञा अभियान की व्याख्या की। आंगनबाड़ी केंद्र में पांच बहनों का पुंसवन संस्कार हमारी महिला टीम श्रीमती विमला अरोड़ा जी, श्रीमती ममता गुप्ता जी, श्रीमती शशि गुप्ता जी,श्रीमती रजनी शर्मा जी, श्रीमती गयात्री भारद्वाज जी और श्रीमती रेखा कट्टा जी के द्वारा कराया गया । गर्भवती बहनों को उनकी दैनिक दिनचर्या और गर्भ में पल रहे बच्चे की कैसे देख भाल करनी चाहिए , उनके खानपान, योग आसन आदि की वैज्ञानिक महत्व की चर्चा गर्भवती बहनों से की। मौजपुर के सरपंच जी ने सभी आए परिजनों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ बारा बड़कोल के खिल्लू राम, भूरमल एवं लक्ष्मणगढ़ के युवा प्रकोष्ठ संयोजक कमल कांत यादव ने भी सहयोग किया।

# पर्यावरण की शुद्धता के लिए 'एक पेड़ माँ के नाम' लगाना जरुरी : शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर(धीरज मौर्य)।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर तथा राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रेरणा और मार्गदर्शन से हरियालो राजस्थान अभियान के तहत नारायणपुर और कराणा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया।इस मौके पर विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम भावना के साथ लगाए गए ये पौधे न केवल पर्यावरण को संरक्षण देंगे, बल्की आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा भविष्य भी सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने कहा कि पेड़ों से जहाँ पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा वहीं जीव मात्र को जीवन जीने के लिए प्राणवायु और पानी मिलेगा। हम सबको आज प्रण लेना है कि हमें प्रकृति से प्रेम करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की प्रेरणा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देना चाहिए। पेड़ों की संख्या घटने के कारण ही वर्षा का पर्याप्त न होना है। शेखावत ने प्रत्येक उपस्थित नागरिक को संकल्प दिलवाया कि वे मुख्यमंत्री के 10करोड़ पेड़ लगाने की प्रेरणा को साकार करने के लिए एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाएंगे और उसकी सुरक्षा करेंगे। इस मौके पर भाजपाईयों सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# रोटरी क्लब अलवर करेगा महिला रक्तदाता व नए रक्तदाताओं को प्रोत्साहित : बबीता खंडेलवाल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रोटरी क्लब अलवर व हेल्प आल फाउंडेशन के सहयोग से अलवर पब्लिक स्कूल राजगढ़ रोड पर रक्तदान शिविर लगाया गया जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। रोटरी अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने अलवर पब्लिक स्कूल के स्टाफ मैनेजमेंट व विद्यार्थियों का विशेष आभार जताते हुए बताया की रोटरी क्लब अलवर गत 8 वर्षों से सात का साथ रक्तदान शिविर आयोजित करता है जिसका मुख्य उद्देश्य नए रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष क्लब 100 से अधिक नए रक्तदाताओं को प्रेरित करेगा जो की जीवन में प्रथम बार रक्तदान करेंगे । उन्होंने बताया की क्लब यह भी सुनिश्चित करेगा की अधिक से अधिक महिलाएं भी इस रक्तदान की मुहिम से जुड़े। हेल्प ऑल फॉउंडेशन के चंद्र प्रकाश सेन व विजय यादव ने बताया की रोटरी क्लब अलवर के साथ मिलकर हेल्प अल फॉउंडेशन अन्य स्कूलों में भी इस प्रकार के रक्तदान शिविर लगाएगा। रोटरी क्लब अलवर के सचिव ऋषि मित्तल ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 25 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया महिलाओं में शिल्पा शर्मा, शीनू यादव, अमिता व पुरुषों में अनमोल, सौरव शर्मा, यश सैनी, प्रेम, चंद्र प्रकाश व कमलकांत प्रजापत ने प्रथम बार रक्तदान किया। सभी रक्तदाताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल, सचिव ऋषि मित्तल, असिस्टेंट गवर्नर राजेश सिंघल, रोटरी चैरिटेबल प्रन्यास संस्थान की अध्यक्ष के के खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र खुराना, चंद्र प्रकाश सेन, विजय यादव, कंचन खुराना, बबीता अग्रवाल, दीपकमल अरोड़ा मीनाक्षी अरोड़ा, सुनील गुप्ता, संगीता हीरावत, हर्षवर्धन, दीपक गुप्ता अलवर पब्लिक स्कूल से प्रिंसीपल प्रदीप नरूका वह समस्त स्टाफ उपस्थित था।




# लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स द्वारा हरियाली तीज सिंजारा महोत्सव मनाया गया



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स के द्वारा रविवार को हरियाली तीज सिंजारा महोत्सव आयोजित किया गया जिसमें क्लब के सभी 120 महिलाओं बच्चो एवं पुरुष सदस्यों सहित सभी अपनी भागीदारी निभाई ।तीज महोत्सव का शुभारंभ क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लायन दिनेश अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया उत्सव में सभी महिलाओं ने अपनी अपनी इच्छानुसार विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता खेल कूद गायन नृत्य राजस्थानी नृत्य का लुफ्त उठाया। सभी विजेताओं को प्रथम, दित्तीय व तृतीय पुरस्कार एवम उपहार वितरित किए गए। इसी अवसर पर प्रथम बार क्लब के द्वारा महिलाओं व लायन सदस्यों की सामूहिक साधारण सभा का भी आयोजन किया गया। जिसमे सभी महिला व पुरुष सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे सभा मे नवआगंतुक सदस्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया और आने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई सभा की विशेष बात ये रही कि आगामी सेवा गतिविधियों में महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया।

# कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ, सैकड़ों महिलाएं हुई शामिल

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)** । नगर पालिका क्षेत्र के रामबाग परिसर स्थित बिहारी दास मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा को लेकर महिलाओं ने कलस यात्रा निकाली! कलस यात्रा बिहारी दास मन्दिर से शुरू होकर नगर परिक्रमा कर बिहारी दास मन्दिर पहुँची। ततपश्चात् सभी शिव भक्त महिलाओं और पुरुषों सहित बालक बालिकाओं को देशी घी का हलवा और पकोड़े प्रसाद स्वरूप वितरित किए गए।जिसको शिव भक्तों ने भगवान शिव का आशीर्वाद मानकर ग्रहण किया। कलस यात्रा के साथ बैंड बाजा और डीजे भी बजते रहे तो झांकी में भगवान शिव का रूप धारण किए हुए वरिष्ठ एडवोकेट अशोक कुमार मिश्रा साक्षात् भगवान शिव नजर आ रहे थे। इस पावन यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुई थी। जिससे नगर में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत माहौल बना। कार्यक्रम का आयोजन श्री श्री 108 पूर्ण दास महाराज के दिव्य सान्निध्य में किया जा रहा है। मंदिर समिति एवं स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा प्रसादी, जल सेवा व बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजकों के अनुसार यह सप्ताहभर चलने वाला आयोजन सावन के पावन माह में क्षेत्रवासियों को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करेगा। इस अवसर पर पूर्ण दास महाराज, अमरनाथ त्यागी, पंडित मदनलाल शास्त्री, राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष अजय यादव,अशोक मिश्रा, जजमान हजारीलाल यादव, विमला देवी पूर्व पंच, संजय सैन प्रधान सैन समाज ,रोहिताश सैनी ,धर्मपाल सैनी ,किशन पंसारी, महेश सैनी सुभाष गुर्जर ,पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुभाष यादव,यादराम सैनी ,श्रीराम सैनी ,कथा वाचक संदीप शांडिल्य सहित काफ़ी संख्या में शिव भक्त महिला और पुरुष शामिल रहे।



# आस्था, भक्ति, समर्पण और एकता की भावना को मिला बल

## 50 कावड़ियों के दल ने विधानसभा क्षेत्र में किया प्रवेश

## शिव भक्त ने जताया केन्द्र सरकार का आभार

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** सावन का महीना सनातन धर्म में जो ज्यादा महत्व रखता है उसका कारण है, धर्म में गहरी आस्था और अपने कर्म पर विश्वास। इस माह में जहाँ सबसे अधिक भण्डारों का आयोजन होता है शायद ही किसी माह में होता होगा। वहीं धार्मिक ग्रंथो के अनुसार हमारे त्यौहारों का आगमन भी इस माह से शुरू होता है!विधानसभा क्षेत्र के बसई जोगियान के शिव भक्तों का 50सदस्यीय दल विधानसभा क्षमा क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। विधानसभा क्षेत्र के एक गाँव के पास स्टेट हाइवे संख्या 52पर मिले इस दल के शिव भक्त कृष्ण कुमार गुर्जर निवासी बसई जोगियान निवासी ने बताया कि हरिद्वार से हमारा दल खड़ी कावड़ लेकर आया है। हमें यहाँ तक पहुँचने में कुल 9दिन लगे हैं। हम सब शिव भक्त हरिद्वार से खड़ी कावड़ तालवृक्ष के मुक्तेश्वर धाम के लिए लेकर आए हैं। हमें रास्ते में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं आई !खाने की जगह खाना, सोने की जगह सोने के लिए पर्याप्त व्यवस्था मिली उसके लिए दिल्ली की मोदी सरकार को हम धन्यवाद देते हैं।

# पूर्व सांसद अलवर, स्वतंत्रता सेनानी कर्मयोगी स्व. लाला काशीराम की पुण्यतिथि कार्यक्रम में घीलोठ विद्यालय में बना शिक्षा का नया नवाचार

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** कर्मयोगी स्व. लाला काशीराम गुप्ता, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद, अलवर तथा इस विद्यालय के संस्थापक एवं दानदाता की 47वीं पुण्य तिथि 19 जुलाई को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घीलोठ, तहसील नीमराणा, कोटपूतली-बहरोड़ में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ स्व. लाला जी के परिवार द्वारा दान किए गए 50 पौधों के पौधारोपण से किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाला काशी राम किस्तूरी देवी गुप्ता मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से विद्यालय के 275 छात्रों को विशेष स्कूल बैग्स मुख्य अतिथि गण रेणु गुप्ता, अल्का गुप्ता, पुष्पा गुप्ता एवं ग्रामवासियों द्वारा वितरित किए गए। इन स्कूल बैग्स की विशेषता यह रही कि इन पर देश की जानी-मानी प्लास्टिक सर्जन डॉ मालती गुप्ता, सुपुत्री स्व लाला काशीराम एवं किस्तूरी देवी द्वारा संचालित एवं निर्देशित बर्न मुक्त ग्राम अभियान के तहत जल जाने पर प्राथमिक उपचार का प्रमुख संदेश जल जाओ तो पानी डालो प्रिंट करवाया गया है ताकि प्रत्येक बालक इस संदेश को आत्मसात करे और इसे प्रत्येक घर परिवार तक पहुंचाए इस विषय पर यह अनोखा नवाचार शिक्षा जगत में विश्व में पहली बार अपनाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य कालूराम सिरोहीवाल ने स्व: लाला काशी राम जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया तथा बर्न मुक्त ग्राम अभियान के तहत जल जाने पर प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रोताओं को अल्का गुप्ता ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर परमानन्द यादव सरपंच ग्राम पंचायत घीलोठ, महताब सिंह चौहान पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, राकेश चौहान एसडीएमसी सदस्य, रवीन्द्र खींची पंचायत समिति सदस्य, सतीश चौहान, भामाशाह जलवीर सिंह यादव, परस राम गुप्ता से.नि.अ, विजेंद्र, अनुबाला, अंजु, कविता, मधु, पूनम, नवल सिंह, जयसिंह, सत्यवीर सिंह, दिनेश, दीपक, मुंशीराम, विनोद, जोगेन्द्र, राजेंद्र मेहता, दीपक सोनी, कंवर सिंह आदि उपस्थित रहे।



# श्री सांवलिया धाम आश्रम मूंगाना के महंत चेतनदास महाराज की स्मृति में आयोजित विशाल महाभंडारे एवं धार्मिक आयोजनों का समापन

## शिष्य अनुजदास महाराज एवं रामपाल महाराज विधिवत उत्तराधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम मूंगाना स्थित सांवलिया धाम आश्रम के महंत चेतनदास महाराज के देवलोकगमन बाद रविवार को विशाल महाभंडारे, महंताई एवं धर्मसभा का सुनियोजित एवं माकूल व्यवस्थाओं के साथ आयोजन किया गया।जिसमे आसापास के क्षेत्रों सहित समीपवर्ती प्रदेश मध्यप्रदेश,गुजरात एवं महाराष्ट्र से कई साधु संत एवं महंतो की उपस्थिति के साथ हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव के साथ प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप में उपस्थित होकर महाभंडारे में निर्मित महाप्रसाद का लाभ लेने सहित आयोजित विविध धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग प्रदान किया गया।साथ ही भक्तों एवं श्रद्धालुओं हेतु बारिश से बचाव के माकूल प्रबंध एवं महाभंडारे में महाप्रसाद लाभ लेने के लिए महिला एवं पुरुष वर्ग हेतु पृथक डोम की व्यवस्था की गयी।जिससे विशाल महाभंडारे में निर्मित महाप्रसाद का साधु संतो एवं श्रद्धालुओं द्वारा सुनियोजित लाभ लिया गया। इधर संत चेतनदास महाराज की चरण पादुका को सिर पर धारण कर ग्राम मूंगाना में शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा उपरांत चरण पादुका पुनः आश्रम पहुंची।यहां अंत्येष्ठि स्थल पर विधिवत पूजा के बाद चरण पादुका को स्थापित किया गया।साथ ही उक्त स्थल पर मंदिर निर्माण करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि उपखण्ड क्षेत्र कपासन के ग्राम मूंगाना स्थित श्री सांवलिया धाम आश्रम के महंत स्व. चेतनदास महाराज की स्मृति में रविवार को आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में मुंबई से आगंतुक माधवलाल महाराज की अध्यक्षता में चेतनदास महाराज के शिष्य अनुजदास महाराज एवं रामपालदास महाराज को चादर ओढ़ाकर उत्तराधिकारी नियुक्त किया गया। जिसमे रामपालदास महाराज को श्री नृसिंहद्वारा मुंगाना का महंत एवं अनुजदास महाराज को सांवलिया धाम आश्रम मूंगाना का महंत नियुक्त किया गया। इस दौरान इंदौर के राधे राधे बाबा, पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी, पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना, सांसद सीपी जोशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं पंचायत समिति कपासन के प्रधान भैरूलाल चौधरी, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, बेगूं विधायक सुरेश धाकड़, भूपालसागर प्रधान हेमेंद्र सिंह राणावत, पूर्व प्रधान कपासन मोहब्बत सिंह राठौड़, पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट, पूर्व मावली विधायक धर्मनारायण जोशी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवदयाल शर्मा आदि गणमान्यजनों एवं हजारों श्रद्धालुओं द्वारा उक्त धार्मिक अनुष्ठानों में उपस्थित साधुसंत एवं महंतो का स्वागत अभिनंदन बाद आशीष लिया गया।यहां शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न विभागीय अधिकारी, कार्मिको सहित पुलिस प्रशासन, स्काउट एवं स्वयंसेवकों द्वारा सुनियोजित मोर्चा संभाला गया। बहरहाल कपासन उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम मूंगाना स्थित श्री सांवलिया धाम आश्रम के महंत चेतनदास मेवाड़ मालवा, गुजरात, महाराष्ट्र सहित संपूर्ण राजस्थान क्षेत्र में प्रख्यात संत रहे। चेतनदास महाराज अपने पूर्ण जीवनकाल के दौरान करीब 1700 मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमो के साक्षी रहे तथा कई मंदिरों का निर्माण व जीर्णोद्धार कराया गया।





## पूर्व मंत्री एवं विधायक कृपलानी के जन्मदिन पर महिला मोर्चा द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों का हुआ आगाज़



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** राजस्थान सरकार के पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी के 23 जुलाई, बुधवार को जन्मदिन के अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी एवं नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी के निर्देशन में निम्बाहेड़ा महिला मोर्चा के द्वारा तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आगाज 20 जुलाई, रविवार से हुआ। जन्मदिन कार्यक्रम आयोजन से पूर्व तैयारियों को लेकर महिला मंडल अध्यक्ष आरती शर्मा के नेतृत्व में महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता की बैठक पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य में स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक में विधायक कृपलानी के जन्मदिन को तीन दिवसीय विभिन आयोजन के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त जानकारी देते हुए महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती शर्मा ने बताया कि पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक कृपलानी के जन्म दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में 20 जुलाई, रविवार को श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर महारुद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम का आगाज हुआ। इस अवसर पर पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी के मुख्य आतिथ्य में भगवान शिव की विशेष पूजा अर्चना की गई, यहां चतुर्वेदी ने भगवान श्री सिद्धेश्वर महादेव का अभिषेक कर विधायक कृपलानी की लंबी उम्र की कामना की। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष जगदीश माली, नरेश आमेटा एवं अशोक मालवीय ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर पूजा अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम व बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती शर्मा, रेखा प्रजापत, लक्ष्मी कोठारी, लीला कुमावत, माधुरी अग्रवाल, रेखा वसीटा, एकता मराठा, सीता मोरवाल, कृष्णा पंचोली, रागिनी आमेटा, सीता पाराशर, सोनू गौड़, मेघा श्रीवास्तव, लीला भाटी, इंद्रा गोडासना, दिव्या ओटवानी, पुष्पा पटेल, प्रमिला त्रिपाठी, हंसा पटेल, रानू बजाज, राजकुमारी कुमावत, कल्पना वैष्णव, रविन्दर कौर, रिंकी लड्ढा आदि उपस्थित रही।

## भाजपा नगर मंडल रावतभाटा की नवीन कार्यकारिणी का सम्मान एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा (नि.स.)। रावतभाटा** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की नई कार्यकारिणी के सम्मान एवं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन आज नया बाजार स्थित सेंट्रल पार्क में किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए भाजपा तन्वी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत कर उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, एक कार्यकर्ता सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पार्टी की विचारधारा, संगठन की मजबूती एवं आगामी कार्ययोजनाओं पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख लीला शर्मा, नगर अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेंद्र सिंह हाड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर.डी. शर्मा, रामेश्वर चौधरी, महामंत्री प्रहलाद जाट, उपाध्यक्ष विनीता अग्रवाल, जय भारती, आशा व्यास, बृजनारायण सेनी, विजय गुप्ता, श्याम गुलाटी, कार्यक्रम प्रभारी राहुल राठौर, मीडिया प्रमुख डॉ. तन्वी शर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी मनीष गिरी, आईटी संयोजक श्री कपिल शर्मा,अविनाश मित्तल एवं श्री पप्पु पंडित सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## चौरसिया समाज द्वारा पहली बार निकाली गई भव्य कावड़ यात्रा, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** नंदीश्वर महादेव मंदिर समिति एवं चौरसिया समाज कोटा के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार भव्य कावड़ यात्रा ऐतिहासिक, श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकता का प्रतीक बन गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं और समाज बंधुओं ने भाग लिया। कावड़ का शुभारंभ पारंपरिक विधि-विधान से नाना देवी माता मंदिर, के.एस.टी. पाल तालाब से किया गया। वहां से यात्रा नयापुरा कलेक्ट्रेट होते हुए खेरली फाटक स्थित नंदीश्वर महादेव मंदिर पहुंची, जहां शिवलिंग का जलाभिषेक कर समापन हुआ। इस अवसर पर माहौल भक्तिमय बना रहा, चारों ओर हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। प्रशासन ने यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था में विशेष सहयोग प्रदान किया, जिससे आयोजन सकुशल और अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। मंदिर समिति के अध्यक्ष दिनेश चौरसिया ने बताया, यह कावड़ यात्रा चौरसिया समाज की धार्मिक आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। पहली बार समाज के इतने सारे लोग एक साथ कावड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान शिव की आराधना कर रहे हैं, यह एक शुभ संकेत है। इस ऐतिहासिक आयोजन में चौरसिया समाज के अनेक प्रमुख जनों की गरिमामयी उपस्थिति रहे।




## अशोक गुप्ता की याद में हरी छांव की सौगात : रोटरी क्लब ने लगाए 105 अशोक के पेड़




### तीन साल तक गोद लिए पार्क में हरियाली की नई शुरुआत

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** सेवा और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ ने रिको इंडस्ट्रियल एरिया स्थित गोद लिए पार्क में रोटरी क्लब 3056 के पूर्व गवर्नर दिवंगत पीडीजी डॉ.अशोक गुप्ता की स्मृति में 105 अशोक के वृक्ष लगाए। इन पौधों की देखभाल क्लब द्वारा की जाएगी, ताकि यह पार्क आने वाले वर्षों में हरी छांव से महके। क्लब अध्यक्ष विनय अग्निहोत्री ने बताया कि रीको लिमिटेड ने 2024-25 में यह पार्क तीन वर्षों के लिए क्लब को सौंपा था। पिछले वर्ष से क्लब इसकी नियमित देखरेख कर रहा है और स्व. अशोक गुप्ता के नाम से इसे विकसित कर रहा है। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने भी विचार रखे। अंत में क्लब सचिव डॉ. आर.बी. गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और पौधारोपण को दिवंगत गुप्ता की सेवा भावना को सच्ची श्रद्धांजलि बताया।

## आकर्षक हिंडोले में विराजे मथुराधीश प्रभु, दर्शन कर निहाल हुए भक्त, लड़ाए लाड़



### मथुराधीश मन्दिर पर हिंडोला महोत्सव शुरु, 14 अगस्त तक चलेगा ठाकुर जी का हिंडोला मनोरथ

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर पर रविवार से हिंडोला महोत्सव शुरु हुआ। जिसमें प्रभु को सुसज्जित और आकर्षक हिंडोले में विराजित कर पलना दिया गया। भक्तों ने जयकारों के साथ प्रभु के बालस्वरूप के खूब लाड़ लड़ाए। हिंडोले का अधिवासन किया गया। सोमवार को कामिका एकादशी पर भी शाम 5.30 बजे से डोल तिबारी में प्रभु के हिंडोला में दर्शन होंगे। इस दौरान प्रभु का विशेष भारी श्रृंगार किया गया था। मंदिर के सभी मुख्य द्वारों की देहलीज को हल्दी से लीपा गया एवं आशापाला की सूत की डोरी की वंदनमाल बाँधी गई। मंगल भोग के पश्चात ठाकुरजी को चन्दन, आवंला एवं फुलेल से अभ्यंग कराया गया।

### श्रावण मास में बदली भोग सेवा

श्री मथुरेश टेंपल बोर्ड के महामंत्री मोनू व्यास ने बताया कि हिंडोलना रोपण के पश्चात उत्सव भोग में विशेष रूप से खस्ता शक्करपारा, छुट्टी बूंदी, दूधघर में सिद्ध मावे के पेड़ा-बर्फी, दूधपूड़ी, विविध प्रकार के संदाना (आचार) के बटेरा, विविध प्रकार के फल आदि आरोगाये जा रहे हैं। ऊष्णकाल की समाप्ति और श्रावण मास के आरम्भ के साथ लिचोई-आमरस बंद हो जाता है एवं चूरमा-बाटी, मानभोग, गेहूं के आटे और मूंग की दाल का सीरा अरोगना प्रारंभ हो जाता है।

### 14 अगस्त तक चलेगा हिंडोला महोत्सव

मोनू व्यास ने बताया कि 20 जुलाई से 14 अगस्त तक प्रतिदिन शाम 5.30 बजे से हिंडोला मनोरथ के दर्शन होंगे। मनोरथ के दौरान प्रभु का आकर्षक भारी श्रृंगार किया जाएगा तथा अधिवासन होगा। वही पुष्टिमार्गीय कीर्तन गुंजेंगे। विविध द्रव्यों से निर्मित आकर्षक झूले में विराजमान कर पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार प्रभु के बाल स्वरुप को लाड़ लड़ाते हुए पलना दिया जाएगा। इस दौरान सोने, चांदी, मखमल, फल, पत्ती, मोती, कांच, फूल, जरी से निर्मित पंचरंगी, केसरी हिंडोले को आकर्षक रुप में सजाया जाएगा।

## हार ही सफलता का पहला अध्याय होती है: मिस ग्रेंड इंडिया विशाखा कंवर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (विनोद गौड़)।** कोटा की बेटी विशाखा कंवर मिस ग्रेंड इंडिया 2025 बनने के बाद रविवार को पहली बार कोटा आईं। इस दौरान विशाखा का रोड शो के साथ स्वागत किया गया। स्वागत समारोह हवाई अड्डे के सामने वाले बालाजी मंदिर से माहेश्वरी भवन कोटा तक आयोजित हुआ। उल्लेखनीय है कि मिस ग्रैंड इंडिया 2025 का भव्य और ऐतिहासिक समापन 13 जुलाई को जी स्टूडियोज, जयपुर में हुआ था। यह राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता 4 से 14 जुलाई तक आयोजित की गई। जिसमें देशभर के विभिन्न प्रान्तों से चुनी गई 28 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। अब विशाखा कंवर अक्टूबर 2025 में थाईलैंड में होने वाली मिस ग्रैंड इंटरनेशनल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस दौरान विशाखा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हर काम को तनावमुक्त होकर करना चाहिए। अपने गोल पर फोकस करें और बार-बार ट्राई करते रहें, हारते हैं तो भी ट्राई कीजिए।

## इनरव्हील कोटा नॉर्थ में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव की नई मुहिम : इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ का संकल्प

### जन्मदिन पर गिफ्ट नहीं, वैक्सीनेशन: महिला स्वास्थ्य की ओर इनरव्हील कोटा नॉर्थ की नई पहल

### शिक्षा से स्वास्थ्य तक : इनरव्हील क्लब का व्यापक समाज सेवा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (दामोदर सिंह)।** महिलाओं व बालिकाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता लाने हेतु वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित किए जाएंगे। न्यू मेडिकल कॉलेज कोटा में मैमोग्राफी कैंप भी लगाए जाएंगे, जिससे महिलाओं के स्वास्थ्य की समय पर जांच और देखभाल सुनिश्चित की जा सके। यह घोषणा इनरव्हील क्लब की नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिला पारीक ने अपने शपथ ग्रहण समारोह में कही। यह वैक्सीनेशन सदस्यों पर जन्मदिन व शादी की वर्षगांठ पर आयोजित होंगे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिला पारीक ने अपने कार्यकाल में महिलाओं के स्वास्थ्य,महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, बाल कल्याण और सामाजिक कल्याण के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल संगीता सक्सेना, आईपीपी सरिता भूटानी, अध्यक्ष प्रमिला पारीक, सचिव रजनी अरोरा, वाइस प्रेसिडेंट विजेता गुप्ता, कोषाध्यक्ष सरोज कालिया मंचासीन रही। कार्यक्रम संचालन मधु बाहेती ने किया। रेणु लाल पुरिया के सहयोग से कक्षा 8वीं की बालिका की शिक्षा शुल्क, अध्यक्ष प्रमिला पारीक के सहयोग से जरूरतमंद महिला के लिए कंपटीशन कोचिंग फीस और स्टडी मैटेरियल की व्यवस्था व बीना त्यागी के सहयोग से तेजस्विनी बालिका गृह रंगबाड़ी में कम्प्यूटर भेंट किया गया। समारोह में 5 नई सदस्यों को क्लब की सदस्यता प्रदान की गई। इससे पूर्व स्वागत भाषण आईपीपी सरिता भूटानी ने पडा और गतवर्ष सचिव विजेता गुप्ता ने अपने कार्यो को मंच से साझा किया।

### कॉलर एक्सचेंज से हुई जिम्मेदारी का हस्तांतरण

शपथ ग्रहण समारोह में पूर्व अध्यक्ष सरिता भूटानी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमिला पारीक को कॉलर एक्सचेंज कर पिन सौंपते हुए क्लब की जिम्मेदारी हस्तांतरित की। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों ने नई अध्यक्ष को मंच पर लाकर बुजुर्गों का आशीर्वाद दिलाया। नई कार्यकारिणी में रजनी अरोरा ने सचिव की जिम्मेदारी संभाली है।




### सक्रीय महिला क्लब

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल संगीता सक्सेना ने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा, क्लब के सभी कार्य प्रशंसनीय हैं। क्लब में 38 सदस्य हैं और गत वर्ष 22 पुरस्कार जीते हैं, यह वास्तव में सराहनीय बात है। महिला क्लब होते हुए भी समाज सेवा के हर क्षेत्र में क्लब सक्रिय है। उन्होंने मोबाइल की लत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, जितना समय हम मोबाइल को देते हैं, उतना समय अपनों को दें। यह आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर आईएसओ शशी झंवर, क्लब कोऑर्डिनेटर रेणु लाल पुरिया, सदस्य गुरप्रीत आनंद,नीता सिंह गौड़ सुशीला मित्तल, अर्चना माथुर, मधु बाहेती, डॉ. वीनू बावेजा, बीना त्यागी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

## कोटा राउंड टेबल 281 में नया नेतृत्व : सिद्धार्थ पौद्दार बने अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, (दामोदर सिंह)।** सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में सक्रिय राउंड टेबल 281 ने रविवार को एक निजी होटल में आयोजित अपनी 10वीं वार्षिक आमसभा में 'बी द गेमचेंजर' थीम के साथ नई कार्यकारिणी का चुनाव किया। सर्वसम्मति से सिद्धार्थ पौद्दार को नया अध्यक्ष चुना गया, जबकि श्रेष्ठ अग्रवाल सचिव के पद पर निर्वाचित हुए। नवगठित टीम में सारांश मित्तल उपाध्यक्ष, नभ शर्मा कोषाध्यक्ष और निमिश पराशर आईपीसी के पद पर नियुक्त किए गए एरिया चेयरमैन धर्मवीर पांडेय और वरुण मालू की गरिमामय उपस्थिति रहीं। आईपीसी निमिश पराशर द्वारा प्रस्तुत गत वर्षों के कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट के बाद सेवाभावी सदस्यों को सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्धार्थ पौद्दार ने समितियों का गठन करते हुए पर्यावरण एवं जल संरक्षण समिति, शिक्षा समिति और कम्युनिटी सर्विस समिति बनाई। प्रत्येक समिति को विशिष्ट लक्ष्य और जिम्मेदारियां सौंपी गईं। शिक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए अध्यक्ष पौद्दार ने घोषणा की कि राउंड टेबल का प्राथमिक उद्देश्य राजकीय विद्यालयों में कक्षा-कक्षों का निर्माण करना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्था अपनी परंपरागत प्राथमिकताओं को बनाए रखते हुए सरकारी स्कूलों के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।



## दहेज लोभी पति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावर थाना पुलिस ने जिले के चिकसाना थाना क्षेत्र अन्तर्गत पुष्प वाटिक कॉलोनी नगला चांदमारी निवासी आरोपी पति को दहेज प्रताड़ना एवं मारपीट के आरोप में गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भुसावर थाने में कल्पना उम्र 25 साल पत्नी रविन्द्र पुत्री देशराजसिह जाति जाट निवासी चांदवारी न्यू पुष्प वाटिका कौलोनी पुलिस थाना चिकसाना हाल निवासी हाथौडी पुलिस थाना भुसावर तहसील बैर जिला भरतपुर ने रविन्द्र पुत्र भरतसिंह, भरतसिंह पुत्र नामालुम, धर्मवती पत्नी भरतसिह, सुमन पुत्री भरतसिंह,- कुसुम पुत्री भरतसिह जाति जाट निवासी चांदवाडी न्यू पुष्प वाटिका कौलोनी पुलिस थाना चिकसाना जिला भरतपुर राज0 ,- चंचल पत्नी चन्द्रभान पुत्री भरतसिह जाति जाट निवासी बहरामदा अभियुक्तगण के विरुद्ध प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 175 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, अपराध अन्तर्गत धारा 115 (2) 126 (2), 127 (2), 74, 85, 316(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (323, 341, 342, 354, 498ए, 406, 34 भा.द.स.) के अंतर्गत इस्तगासे के माध्यम से प्राथमिकी दर्ज कराई थी। 5 जून 2025 को दर्ज कराई गई आरोपी के आधार पर अनुसंधान अधिकारी द्वारा रविंद्र सिंह पुत्र देशराज सिंह निवासी जाति जाट निवासी चांदवारी न्यू पुष्प वाटिका कौलोनी पुलिस थाना चिकसाना भरतपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।



## अभिषेक मीणा पर जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । भुसावल उपखंड क्षेत्र के अतरामपुरा गांव निवासी अभिषेक मीणा पर जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे नाम जा दारू पी संदीप पुत्र छोटेलाल निवासी लालपुर थाना महवा जिला दौसा को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित अभिषेक मियां द्वारा 23 में 2025 को प्राथमिक की दर्ज कराते हुए बताया था कि खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र के गांव नगला नाथूराम के चार पांच लोगों द्वारा जानलेवा हमला कर मारपीट की थी उक्त मामले में खेड़ली मोड़ थाना क्षेत्र के नगला नाथू के नाम जद आरोप सुखवेन्द्र सिंह उर्फ चुनमुन पुत्र हरनन्द सिंह को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।



## अग्रवाल समाज की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ, अध्यक्ष पद के लिए रोचक मुकाबला

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )** । अग्रवाल समाज भुसावर के द्विवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। निर्वाचन अधिकारी मनीष मित्तल एवं शहर निर्वाचन अधिकारी बृजेश जिंदल के अनुसार अध्यक्ष पद के लिए विजय कुमार गुप्ता एवं वर्तमान अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंगल के नामांकन प्राप्त हुए हैं मंत्री पद के लिए प्रमोद सिंगल एवं अशोक गोयल कोषाध्यक्ष पद के लिए राजकुमार बंसल वी धर्मेंद्र मित्तल उप मंत्री पद के लिए सत्येंद्र गुप्ता विजय अग्रवाल व मोहित गुप्ता ने नामांकन पत्रकार किए हैं उपाध्यक्ष पद के लिए एकमात्र नामांकन अंशु मित्तल का प्राप्त हुआ है जिनका चुना जाना है अध्यक्ष पद के चुनाव में रोचक मुकाबला पूर्व अध्यक्ष एवं समाज के लिए विशेष कार्य करने वाले सभी समाजों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में भामाशाह के रूप में जाने जाने वाले विजय कुमार गुप्ता चुनाव मैदान में है। निर्वाचन अधिकारी के अनुसार 27 जुलाई तक नाम वापस लिए जा सकते हैं। इस अवसर पर प्रमोद बंसल, पंकज गर्ग, विवेक गर्ग, दिलीप मित्तल, राहुल जिन्दल, रघुपत गर्ग, अरविन्द बंसल, राजेश गोयल, शुभम गुप्ता, ताराचंद गोयल, अमृत मित्तल, नितेश सिंघल, संजय गोयल, नवीन मित्तल, अनिल सिंघल, लोकेश गर्ग, सूरजमल, शैलेश मित्तल, चंद्रप्रकाश आर्य, आदि मौजूद रहे।




## टोंक से विकास सांगवान धौलपुर एसपी बने: प्रदेश में आईपीएस और आरएएस अफसरों के तबादले, बसेड़ी-सरमथुरा-सैंपऊ को नए एसडीएम मिले

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )**। राजस्थान सरकार ने देर रात आईपीएस और आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची जारी की। इस सूची में धौलपुर के एसपी में बदलाव किया गया है। धौलपुर में कार्यरत 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी सुमित मेहरड़ा को जयपुर में पुलिस उपायुक्त यातायात बनाया गया है। उनकी जगह टोंक के एसपी और 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी विकास सांगवान को धौलपुर का नया एसपी नियुक्त किया गया है। हरियाणा के मूल निवासी विकास सांगवान पहले जैसलमेर, हनुमानगढ़ और टोंक जिले में एसपी के पद पर सेवाएं दे चुके हैं। वे तेज तर्रार अधिकारियों में गिने जाते हैं।आरएएस अधिकारियों की तबादला सूची में धौलपुर जिले के तीन उपखंडों में नए एसडीएम की नियुक्तियां की गई हैं। बसेड़ी में सुरेंद्र सिंह, सरमथुरा में अमन चौधरी और सैंपऊ में कर्मवीर सिंह को एसडीएम नियुक्त किया गया है।



## धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर बढ़ा: खतरे के निशान से 11 सेमी ऊपर पहुंचा पानी, निचले इलाकों में अलर्ट

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )**। धौलपुर में चंबल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। नदी में पानी 130.90 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान 130.79 मीटर से 11 सेंटीमीटर अधिक है। कोटा बैराज से तीन गेट खोलकर 25,383 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इससे नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जिला प्रशासन ने नदी के आसपास के निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है। कलेक्टर श्रीनिधि बीटी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन डूब क्षेत्र की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि जलस्तर और बढ़ने पर आसपास के गांवों में पानी घुस सकता है।

# निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत, परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का लगाया आरोप

### शव पहुंचने से पहले फरार हुए डॉक्टर व स्टाफ

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। बाड़ी रोड स्थित मैक्स हॉस्पीटल में ऑपरेशन करने के कारण एक प्रसूता की मौत हो गई।

इस बात से गुस्साए मृतका के परिजनों ने हॉस्पीटल में तोड़फोड़ की स्टाफ की जमकर पिटाई कर दी। संचालक डा. जुगल किशोर फरार हो गया। चिकित्सा विभाग ने हास्पिटल को सील कर दिया है तथा मरीजों को सरकारी अस्पताल में ट्रांसफर किया गया है।

पीड़ित पक्ष मनोज निवासी गांव भैसेना ने बताया कि शुक्रवार शाम को पत्नी प्रेमवती को लेबरपेन होने पर बाड़ी रोड स्थित मैक्स हॉस्पीटल में भर्ती कराया था।

हॉस्पीटल के डॉक्टर जुगल किशोर ने ऑपरेशन के बाद सफल डिलीवरी होने का भरोसा दिया। ऑपरेशन करने के लिए कॉल पर डॉ. विवेक शर्मा को मैक्स हॉस्पीटल बुलवाया गया था, जिसने प्रसूता प्रेमवती का शुक्रवार को ऑपरेशन किया था। प्रेमवती ने ऑपरेशन के बाद बेटे को जन्म दिया। लेकिन पत्नी की हालत लगातार बिगड़ती चली गई। शनिवार सुबह जब पत्नी की हालत ज्यादा बिगड़ने लगी तो मैक्स हॉस्पीटल वालों ने ही

जबरन और बिना हमारी मजी के एंबुलेस बुलाकर हायर सेंटर रैफर कर दिया।

एंबुलेंस चालक प्रेमवती को गंभीर अवस्था में आगरा की ओर लेकर जाने लगा। लेकिन बीच रास्ते में प्रेमवती की मौत हो गई। खबर सुनकर अन्य रिश्तेदार व गांव के लोग मैक्स हॉस्पीटल पर इकट्ठा हो गए, जहां डॉक्टर व हॉस्पीटल स्टाफ के नहीं मिलने पर पीड़ित पक्ष ने आक्रोश व्यक्त किया। मनोज ने बताया कि प्रेमवती के दो बेटे हैं। यह तीसरी डिलीवरी थी। मैक्स हॉस्पीटल पर कार्रवाई के लिए



पुलिस को लिखित शिकायत सौंप दी गई है। आगरा ले जाते समय जब प्रसूता ने दम तोड़ दिया तो मनियां से परिजन मृतका की बॉडी को लेकर मैक्स हॉस्पीटल की तरफ चल दिए। जैसे ही प्रसूता की बॉडी हॉस्पीटल के नजदीक आने की सूचना डॉक्टर व स्टाफ को मिली, तभी अचानक सभी हॉस्पीटल छोड़कर भाग खड़े हुए।

पीड़ित पक्ष के लोग प्रसूता की मौत से आक्रोशित थे। गुस्साई भीड़ ने डॉक्टर चेंबर के बाहर लगी नाम पट्टिका व दरवाजे तोड़ दिए। इसी दौरान किसी ने हॉस्पीटल की ऊपरी मंजिल पर एक स्टाफ के छिपे होने की सूचना दी और भीड़ ने स्टाफ को पकड़कर मारपीट की। हॉस्पीटल

स्टाफ ने अपना नाम राघवेन्द्र बताया, जिसे भीड़ ने लगभग 25 मिनट तक बंधक बनाए रखा। कोतवाली थाने की पुलिस भी मैक्स हॉस्पीटल पहुंच गई। मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस ने कहा कि रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी।

बॉडी के हॉस्पीटल पहुंचने से पहले फरार हुए डॉक्टर व स्टाफ:-(कलर बोक्स

कुछ दिन पूर्व बाड़ी रोड पर संचालित सरल हॉस्पिटल में प्रसूता की ऑपरेशन के दौरान मौत हो गयी थी। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। जिसकी जांच चल रही है। बाद में स्वास्थ्य विभाग में जांच में दोषी मानते हुए, सरल हॉस्पिटल को सील कर दिया था। आरोपी संचालक व ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर कौन था यह आज तक उजागर नहीं हो सका है।

पीड़ित पक्ष की लिखित शिकायत पर मर्ग दर्ज कर ली गई है। मृतका का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड से कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग की जांच रिपोर्ट के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## 80 लाख की फिरौती के लिए बच्चे की हत्याः हाईवे किनारे लाश गाड़ी

### फतेहाबाद से किडनैप किया, राजस्थान में किया बालक का मर्डर

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। आगरा से 3 महीने पहले किडनैप हुए 8 साल के बच्चे की हत्या कर दी गई। फिर उसकी लाश प्लास्टिक के बोरे में बंद कर जमीन में दफना दी। पुलिस ने बच्चे का शव धौलपुर के मनिया से बरामद किया। किडनैपर ने चार चिट्ठियां भेजकर 80 लाख रुपए की डिमांड की थी।धमकी दी थी कि अगर पैसे नहीं मिले, तो बच्चे के हाथ काट देंगे। उसके टुकड़े-टुकड़े कर मर्डर कर देंगे। पीड़ित पिता ने फतेहाबाद थाना बेटे के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



**30 अप्रैल को घर के पास से किडनैप किया था**

फतेहाबाद थाने में विजय प्रताप किसान हैं। वह विजयनगर कॉलोनी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि मेरा बेटा अभय 30 अप्रैल 2025 को घर के पास किराना दुकान सामान लेने गया था। फिर वह घर वापस नहीं लौटा। हमने उसे आसपास, रिश्तेदारियों में खोजा।

उसके दोस्तों से बात की। मगर उसका सुराग नहीं लगा। फिर 2 दिन बाद घर के पास एक कागज मिला। जिसमें लिखा था कि बच्चे को जिंदा चाहते हो तो 80 लाख रुपए का इंतजाम करो। इसके बाद मैंने मामले की जानकारी फतेहाबाद पुलिस को दी। पुलिस मामला दर्ज कर मासूम की तलाश में जुट गई। इस बीच दो से तीन बार किडनैपर ने मेरे घर पर कागज पर लिखकर धमकी देते हुए फिरौती मांगी। उसमें लिखा- अगर पैसे नहीं मिले तो बच्चे के हाथ काट देंगे। उसके टुकड़े-टुकड़ कर देंगे। उसे जान से मार देंगे।

**पहली क्लास में पढ़ता था मासूम**

थाना प्रभारी राम नरेश मीणा ने बताया कि मासूम का पिता किसान है, जिसके पास करीब 20 बीघा जमीन है। जिस बच्चे की हत्या हुई वह पहली क्लास में पढ़ता था। किडनैप होने से एक दिन पहले ही उसे पहली क्लास की किताबें दिलवाई थी। मासूम के पिता विजय प्रताप ने बताया कि उसके घर में 1 जुलाई को दूसरे बेटे का जन्म हुआ है।

## पैदल डांक व बाइक सवार डांक कावड़ियों के दल हरिद्वार रवाना

बढ़ता राजस्थान

जुरहरा,/डीग ( रेखचन्द्र भारद्वाज)। सावन के पवित्र महीने में हरिद्वार से पावन गंगाजल लाकर अपने आराध्य भगवान शिव का अभिषेक करने के लिए शुक्रवार की देर शाम को 26 सदस्यीय पैदल डाक कावड़ियों व शनिवार की सुबह 30 सदस्यीय बाइक सवार कावड़ियों के दल गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए। शुक्रवार की देर शाम को पैदल डाक कावड़ियों के दल ने क़स्बे के प्राचीन श्री शिव मंदिर व चमत्कारी श्री इन्द्रकुटी हनुमानजी मंदिर पर विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ भगवान महादेव व हनुमानजी की पूजा अर्चना कर व अपने से बड़ों के चरण स्पर्श कर कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया। कस्बा निवासी बीजेपी नेता विनोद मानवी व




बीजेपी नेता राजेन्द्र जांगिड़ ने सभी कावड़ियों को कावड़ यात्रा की बधाई देते हुए उनकी सफल यात्रा की कामना की। डाक कावड़ संघ के टीकम सैनी व रमेश शर्मा ने बताया कि सोमवार को हरिद्वार से गंगाजल के रूप में कावड़ उठाई जाएगी जिसे बिना रुके हुए क़स्बे में लाकर गंगाजल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा। जुरहरा कस्बेवासियों ने आतिशबाजी कर व भगवान शिव के जयकारों के साथ डांक कावड़ियों की सुरक्षित यात्रा की कामना करते हुए उन्हें हरिद्वार के लिए रवाना किया। इसके अलावा शनिवार को सुबह 15 बाइकों पर सवार 30 कांवड़ियों का दल शिव मंदिर व इन्द्रकुटी हनुमानजी की पूजा कर हरिद्वार हुआ। सावन का महीना लगते ही शिव भक्तों में कावड़ लाने के लिए होड़ लग जाती है। शुक्रवार व शनिवार को हरिद्वार से कांवड लेने के लिए जाने वाले भक्तजनों में उमंग, उत्साह, प्रेम व सौहार्द जबरदस्त था। प्राचीन शिव मंदिर से हर-हर महादेव व वीर बजरंगी के जयघोषों से गूंज उठा। इस मौके पर मुख्य रूप से पवन सचदेवा, सोनू सोनी, दुर्वेश प्रजापति, कन्हैया शर्मा, अमरसिंह सैनी, रोहताश प्रजापति व भूपेश अग्रवाल सहित काफी संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

## कोटा-लालसोट मेघा हाईवे पर स्थित मेज नदी पर 18 घंटे बाद हुआ आवागमन सुचारू

बढ़ता राजस्थान

**लाखेरी ( नि.स. )**। शहर के कोटा लाल सोट मेघा हाइवे पर स्थित मेज नदी पुलिया पर आवागमन 18 घंटे बाद सुचारू हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को हुई तेज बारिश के चलते शनिवार को नदियों में पानी की आवक ज्यादा होने के चलते पापड़ी गांव तथा नया गांव के बीच स्थित मेज नदी में पानी पुलिया के ऊपर आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिया पर



एक्सप्रेस वे के ओवरलोड वाहनों के साथ साथ भारी वाहनों के आवागमन को बंद कर दिया था। जिसके बाद देर शाम को पुलिया से आवागमन बिल्कुल बंद कर दिया गया। शनिवार की रात को रात भर पुलिया पर आवागमन पूर्णत: बंद रहा तथा रविवार सुबह नदी का जल स्तर कम होने के बाद अधिकारियों ने पुलिया का फौरी तौर पर निरीक्षण कर पुलिया पर वाहनों का आवागमन पुनः चालू किया। इस दौरान प्रथम चरण में दोपहिया वाहनों तथा हल्के वाहनों को निकाला गया, वही द्वितीय चरण में भारी वाहनों को एक एक कर पुलिया से निकाला गया। पुलिया की सुरक्षा को देखते हुए मौके पर देहीखेड़ा तथा लाखेरी थाना पुलिस जाप्ता तैनात रहा।

## रविवार शाम को पहुंची गोमती मैया धायला, किया चुनरी ओढ़ा कर स्वागत

### सिरोड़ी में ग्रामीण करेंगे रामधून का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )**। राजसमंद में सेवंत्री व चारभुजा क्षेत्र में बारिश के बाद गोमती नदी में पानी धीरे—धीरे बढ़ रहा है। गोमती नदी के पानी से शनिवार को सियाणा गांव का एनिकट छलक गया था, जिसके बाद गोमती नदी का पानी सिरोड़ी गांव पहुंचा।जहा पर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए गोमती नदी की पूजा अर्चना करते हुए जल्द से जल्द राजसमंद झील के भरने की कामना की। सिरोड़ी गांव में सोमवार व मंगलवार को रामधून का आयोजन भी किया जाएगा। वही रविवार शाम को 5:30 बजे तक गोमती का पानी धायला तक पहुंच गया, जिसके बाद गांव के लोगों में खुशी की लहर छा गई। ग्रामीण पूजा की थाली व चुनरी लेकर नदी किनारे पहुंचे और पूजा अर्चना कर गोमती मैया को चुनरी ओढ़ाई।इस मौके पर रणजीत सिंह, महेश सिंह, राजेंद्र आमेटा, गिरीश पालीवाल, जगदीश पालीवाल, शिवलाल पालीवाल, मुरलीधर पालीवाल, कैलाश पालीवाल, राजू पालीवाल, नंदलाल तेली, नारायण सिंह, भव्यराज सिंह, माधुसिंह, आदि ग्रामीण मौजूद थे।गोमती नदी का पानी राजसमंद झील में आने की उम्मीद धायला से पानी अब छापर खेड़ी की ओर बढ रहा है। लोगों को उम्मीद है गोमती का पानी छापरखेड़ी पुलिया को पार कर लेगा। वही राजसमंद शहर वासियों को पूरी उम्मीद है कि बहुत जल्द गोमती नदी का पानी राजसमंद झील में मिलेगा।कई गांवों की लाइफ लाइन है राजसमंद झील राजसमंद झील की कुल भराव क्षमता 3786 एमसीएफटी है। राजसमंद झील से न केवल जिला मुख्यालय पर पेयजल आपूर्ति होती है, बल्कि आसपास के 1 दर्जन से अधिक गांवों में झील के पानी से सिंचाई भी होती है। यही बड़ी वजह है जिसके कारण राजसमंद झील को लाइफ लाइन माना जाता है।



## सावन के पवित्र माह में निकाली गई 36 वीं कावड़ यात्रा,कली के गुप्तेश्वर महादेव से परशुराम महादेव पहुंचेगी यात्रा

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )**। सावन के पवित्र माह में महादेव की आराधना का उपयुक्त समय माना जाता है। कहा जाता है इस समय महादेव को जल चढ़ाने से वे जल्दी प्रसन्न होते हैं। इसी भाव से राजसमंद में आज 36 वीं विशाल कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। 950 साल पुराने स्वयंभू शिवलिंग गुप्तेश्वर महादेव से रवाना होकर यह कावड़ यात्रा कांकरोली, राजनगर,पुठोल थोरिया, घाटा, केलवाड़ा होते हुए कल सुबह राजस्थान के अमरनाथ के नाम से विख्यात परशुराम महादेव पहुंचेगी। जहां सावन के दूसरे सोमवार को शुभ मुहूर्त में महादेव को जल अर्पण किया जाएगा। सुबह गुप्तेश्वर महादेव में विधि विधान से कावड़ का पूजन करने के बाद आरती की गई और उसके बाद कावड़ यात्रा को रवाना किया गया। बोल बम बमबम और हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए कावड़िया नाचते गाते हुए कांकरोली और राजनगर के मुख्य बाजारों से होकर रवाना हुए। मार्ग में श्रद्धालुओं ने कावड़ यात्रा का पुष्प वर्षा और अल्पाहार भेंट कर स्वागत किया।



# लालपुर गांव में पोखर हुई ओवर फ्लो, घरों के सामने हो रहा पानी जमा, लोगों ने जताया विरोध

### लोग बोले- 15 दिन से जलभराव होने से मकानों में आई दरार, हादसे का रहता है डर

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (राजू शर्मा)। राजाखेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत लालपुर में जलभराव की समस्या को लेकर शनिवार को ग्रामीणों ने विरोध जताया।

ग्रामीण पवन तिवारी ने बताया कि लगातार बारिश होने से गांव की पोखर ओवर फ्लो होने से पिछले 15 दिनों से गांव के मुख्य रास्ता में घरों के आगे पोखर का गंदा पानी भरा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि पोखर पूरी भर चुकी है अब गंदा पानी घरों के चौका चूल्हों में भी भर चुका है। खाना बनाने के लिए भी लोग



परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के जाटव मोहल्ला में आंगनवाड़ी केंद्र पर छोटे बच्चे और आंगनवाड़ी कर्मी भी पानी से होकर निकल रहे है जिससे बच्चे पानी में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने बताया पिछले पंद्रह दिनों से उसमें निकले से पैरों में फोड़ा फुंसी हो रहे है और गंदे दूषित पानी से बीमारियां फैलने का डर बना रहता हैं। लोगों ने बताया कि इस प्रकार घरों के आगे पानी जमा होने से मौसमी

बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से पानी निकासी की मांग की है। जिससे की समस्या से निजात मिल सके।

ग्रामीण अर्जुन जाटव ने बताया पंद्रह दिनों से जल भराव से कई लोगों के मकानों में दरार आ चुकी है जिससे मकानों के गिरने का भय बना हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से लोगों की समस्या पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। उन्होंने जिला कलक्टर से पोखर से पानी निकासी कराए जाने की मांग की है। इस अवसर पर पवन तिवारी, अर्जुन सिंह जाटव, भगवान सिंह प्रजापति, होतम सिंह, राकेश, शिवचरण, मानसिंह, हरिशंकर, सुरेश, रामखिलाडी, जनक सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

शिवभक्ति की गूंज से गुंजायमान हुआ संपूर्ण शहर, हजारों श्रद्धालुओं ने लिया भाग

# भीलवाड़ा में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम : भव्य दिव्य कांवड़ यात्रा सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्रावण मास की पुण्य तिथि पर पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति, भीलवाड़ा के तत्वावधान में निंबार्क आश्रम, गांधीनगर से हरणी महादेव मंदिर तक निकाली गई विशाल, भव्य एवं दिव्य कांवड़ यात्रा सम्पूर्ण सफलता एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुई। यह पावन यात्रा पूज्य महंत श्री 108 मोहन शरण जी महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद में निंबार्क आश्रम से प्रारंभ हुई। यात्रा के आरंभ में महंत मोहन शरण जी, महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, महंत बाबुगिरी,जिलाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, प्रतापनगर थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया, ट्रैफिक थाना प्रभारी बाबूलाल टेपन, पार्षद ओम साईं राम, महापौर राकेश पाठक, पूर्व राज्यमंत्री धीरज गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भाजपा नेता आजाद शर्मा, पूर्व सभापति ओम प्रकाश नारानीवाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी, सेवादल योगेश सोनी, विधायक कार्यालय प्रभारी बाबूलाल टाक सहित संत-महात्माओं, समाजसेवियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने कांवड़ यात्रियों को झंडी दिखाकर रवाना किया। हजारों श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह, अनुशासन और शिवभक्ति के साथ इस पवित्र यात्रा में भाग लिया। यात्रा मार्ग शिव नाम के जयघोष, ढ़ोल-नगाड़ों की गूंज, भजनों की दिव्यता और श्रद्धालुओं की आस्था से सराबोर रहा। पूरा शहर बोल बम के नारों से गूंज उठा और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण बना। हरणी महादेव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना, शिव आरती और प्रसादी वितरण के साथ यात्रा का समापन हुआ। वहां हजारों शिवभक्तों ने दर्शन लाभ लिया। मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि यात्रा के दौरान पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, भजन मंडलियां, सुरक्षा, प्रसादी सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई गईं। नगर प्रशासन और स्वयंसेवकों का सहयोग भी सराहनीय रहा। समिति अध्यक्ष श्री अरुण राय ने यात्रा की सफलता पर सभी श्रद्धालुओं, सहयोगी संस्थाओं, प्रशासन, पत्रकार गण, भजन मंडलियों और स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। निम्बार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट, पंचवटी विकास समिति,



निम्बार्क सेवा समिति व कई विभिन्न संगठनों, समाजसेवीयो द्वारा कावड़ यात्रा का स्वागत किया गया। उन्होंने इसे आस्था, ऊर्जा और एकता का अद्वितीय संगम बताया। इस सफल आयोजन में समिति संरक्षक डॉ. अशोक सिंह, सचिव ओम प्रकाश सिंह, कोषाध्यक्ष श्री कृष्णा महतो, शक्ति नाथ ठाकुर, जगन्नाथ झा, रोशन सिंह, श्री सुरेश चन्द्रबंशी, हंसराज यादव, सहित बड़ी संख्या में समिति पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आज नगर पालिका कपासन के बाहर सुबह 11 से सांय 4 बजे तक धरना प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन कपासन द्वारा क्षेत्रीय आमजन एवं केबिन व्यवसायियों संबंधी विभिन्न जन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर कल सोमवार को धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जानकारी अनुसार विभिन्न जन समस्याओं सहित स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन के व्यवसायियों के समक्ष खड़ी बेरोजगारी की समस्या के समाधान की मांग को लेकर नगर पालिका कपासन कार्यालय के बाहर 21 जुलाई 2025 सोमवार सुबह 11 बजे से सांयकाल 4 बजे तक धरना प्रदर्शन किया जायेगा।उक्त जानकारी देते हुवे स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन कपासन के अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा विगत एक माह पूर्व स्थानीय केबिन व्यवसायियों को बिना किसी पूर्व सूचना के हड़कंप एवं आनन-फानन वाली स्थिति में कार्यवाही कर हटा दिया गया।जिसमें कई रोजगार स्थल उजड़ जाने से लोगों में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न होने लगी है।यहां नगर पालिका प्रशासन द्वारा कार्यवाही उपरांत से संघर्षरत स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन के व्यवसायियों को पालिका प्रशासन द्वारा कोई अन्य उचित स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया हैं। जिससे कई कमजोर एवं गरीब वर्ग के लोगों के सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है।

## आफत की बाढ़ में गूंजी किलकारिया, प्रसुता को एक किमी तक पहुॅचाया जेसीबी से



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बाढ़ प्रभावित दुगारी गांव में रविवार को कनक सागर के ओवरफ्लो का तेज बहता पानी के बीच एक प्रसुता को प्रसव पीड़ा हो गई। जहां कोई एम्बूलेंस पहुॅच पाना संभव नहीं था। दुगारी निवासी समाज सेवक पप्पूलाल सैनी सहित ग्रांमीणो ने दुगारी चिकित्सालय में सुचना देकर जेसीबी की मदद से नर्सिग स्टॉफ पृथ्वीराम बैरवा एंव कृष्णा राठौड़ को मौके पर बुला कर ग्रांमीण महिलाओ की मदद से प्रसुता अनिता बाई कहार पत्नि किशनलाल कहार का मौके पर ही प्रसव करवाना चाहा लेकिन प्रसव जटिल होने से नैनवां उपजिला चिकित्सालय में सुचना देकर 108 मौके पर बुलवाई गई। लेकिन एंम्बूलेंस केवल एक किलोमीटर की दूरी से आगे नहीं पहॅुच पाई। तेजाजी के चैक से प्रसुता को जेसीबी के आगे पंचा में प्रसुता को लेटा कर रेगर बस्ती तक पहॅुचाया गया। जहां लोगो ने प्रसुता को 108 ऐम्बूलेंस में रखवाया कर नैनवां भेजा गया। नैनवां उपजिला चिकित्सालय के प्रसुता कक्ष में भर्ती करवाया गया जहां प्रसुता अनिता कहार ने एक बच्चे को जन्म दिया है। चिकित्सा कर्मियो ने बताया कि बच्चा एंव जज्चा सुरक्षित है। दोनो पैरो से विकलांग किशन कहार बना 9 वी संतान के पिता-ग्रांमीणो ने बताया कि किशन कहार के दौनो पैर नहीं है। उसका पुरा कुटम्ब एक ट्राई साकिल में सफर करता है। पूर्व में दम्पती के 8 संताने जीवत है। रविवार को 9वी संतान का जन्म हुआ है।

## त्रिपाठी ने दिलाई चिकित्सा प्रकोष्ठ कार्यकारिणी को शपथ, बांटे नियुक्ति पत्र



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा की स्वीकृति पश्चात डॉ. फरियाद मो. द्वारा घोषित जिला चिकित्सा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं पीसीसी उपाध्यक्ष हगामीलाल मेवाड़ा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित चिकित्सा प्रकोष्ठ की बैठक में पीसीसी सदस्य मो. याकूब,मनोज पालीवाल, पंचायती राज कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्याम लाल पुरोहित, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा हिरण, एससी एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रामदयाल बलाई , शिक्षक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अमरवाल, पूर्व सीएमएचओ डॉ आर सी सामरिया, सेवादल प्रशिक्षक गुडविन मसीह ,मो. अली मंसूरी एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी ज्ञानमल खटीक कार्यक्रम के अतिथि रहे जिनका प्रकोष्ठ की ओर उपरणा एवं मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

## गौड़ ब्राह्मण समाज एवं ब्राह्मण समाज ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में रक्त जांच शिविर आयोजित

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** गौड़ ब्राह्मण समाज संस्था एवं ब्राह्मण समाज ब्यावर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को परशुराम भवन में एक दिवसीय रक्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। इस अवसर पर लाल पाथलैब्स, विभिन्न रक्त जांच सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर संयोजक मनोज शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 60 से 70 लाभार्थियों ने भाग लिया और लगभग 1000 से 1100 प्रकार की रक्त जांचें करवाई गईं। लाल पाथलैब्स की ओर से संजय शर्मा एवं उनकी टीम ने उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान कीं। शिविर की व्यवस्थाओं में हरीश चंद शर्मा, योगेश पंचोली, राजेश शर्मा 'बाबा', संदीप भार्गव, संजय पांडे, अरुण भारद्वाज, अनिल भोजक, राधा मोहन जोशी, लोकेश उपाध्याय, विजय पारीक, दीपक गील, भुवनेश शर्मा, रमेश शर्मा, विष्णु शर्मा, हनुमान, रोहित आचार्य, शंभूदयाल व्यास, हेमंत लता, मनोज शास्त्री, प्रसून शुक्ला, मुकेश शर्मा, विष्णु धीमान, सुरेश उपाध्याय, नरेंद्र शर्मा, रसिक बिहारी व्यास, विजय शर्मा, रवि डंडायत, जसराज शर्मा, कुशल शर्मा सहित अनेक समाजसेवियों ने सेवाएं दीं। शिविर के समापन पर श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की नवगठित युवा कार्यकारिणी का स्वागत समारोह भी आयोजित किया गया।

## अर्पण महिला संस्थान कपासन द्वारा जरूरतमंदों को व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य किया जायेगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** जरूरतमंद एवं बीमारी से ग्रसित लोगों को आवश्यकतानुसार अर्पण महिला संस्थान कपासन के संयोजन में सहायतार्थ व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य किया जायेगा।जिससे बीमार एवं असहाय लोगों को राहत मिल सके। जानकारी अनुसार क्षेत्रीय आमजन एवं विभिन्न बीमारी से ग्रसित जरूरतमंदों एवं असहाय लोगों को आवश्यकता होने पर अर्पण महिला संस्थान के संयोजन में व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर राहत प्रदान की जायेगी।जिसके अंतर्गत जरूरतमंद प्रार्थी से संपर्क बाद आवश्यक जानकारी संकलित कर चयनित पात्र लोगों को सहायतार्थ व्हीलचेयर भेंट की जायेगी।जिससे उक्त जरूरतमंद अपने जीवन कौशल में परिवर्तन हेतु संघर्ष करते हुवे सफलता की और कदम बढ़ा सके। उल्लेखनीय है कि आमजन एवं बीमारो की सहायता के लिए अर्पण महिला संस्थान कपासन की ओर से व्हीलचेयर उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य किये जाने से चहुंओर अर्पण सेवा संस्थान के सेवा कार्यों की सराहना बनी हुई है। ज्ञातव्य रहे कि यहां व्हीलचेयर की आवश्यकता होने पर अर्पण महिला संस्थान सदस्य विजयश्री सिरोया एवं भाजपा नगर मंडल कपासन अध्यक्ष पंकज सिरोया से संपर्क कर जरूरतमंद लाभान्वित हो सकते हैं। यहां




व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के पुनीत कार्य में अर्पण महिला संस्थान सदस्य विजय श्री सिरोया, रेखा सांवला, रेखा सिरोया, संगीता सोमानी, रानी सिरोया, उमा कोठारी, जया सोनी, संजू न्याती, जय न्याती, गायत्री जाजू, सीमा जागेटिया, वर्षा समदानी, मंजुला सोमानी, नीतू ईनाणी आदि महिला सदस्यों द्वारा नि:स्वार्थ सहयोग प्रदान किया जा रहा है। जिससे अधिकाधिक असहाय एवं जरूरतमंद लाभान्वित हो सके।

## संगम समूह द्वारा पांचवे दिन 9800 पौधों एवं 560 ट्री गार्ड का किया वितरण

### प्रत्येक शहरवासी लगायें ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए अधिकाधिक पौधे : ममता मोदानी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम उद्योग समूह द्वारा एक लाख पौधे एवं 5 हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान के पांचवे दिन लोगों में भीलवाड़ा को हरा-भरा बनाने हेतु व्यापक उत्साह दिखाई दिया। सोनी हॉस्पीटल परिसर में संगम समूह द्वारा आज 9800 पौधों एवं 560 ट्री गार्ड का वितरण किया गया। पौधा वितरण प्रभारी बाबूलाल जाजू ने बताया कि सैकड़ों की संख्या में शहरवासी पौधे प्राप्त करने के लिए मौजूद रहे। पौधा वितरण अभियान के तहत रविवार को समाजसेवी ममता मोदानी द्वारा आमजन को पौधे एवं ट्री गार्ड वितरित करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए प्रत्येक शहरवासी को अधिकाधिक पौधे लगाकर उन्हें पल्लवित करना चाहिए। समूह के प्रबंध निदेशक अनुराग सोनी ने कहा कि पांचवे दिन का उत्साह दर्शाता है कि लोग अपने शहर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। संगम समूह का लक्ष्य केवल पौधे बांटना नहीं है बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनकी उचित देखभाल हो और वे पेड़ बन सके। उन्होंने शहरवासियों से अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और शहर को हरा-भरा बनाने में सहयोग करने की अपील की। ट्री गार्ड वितरण प्रभारी हिम्मत पारीक एवं मुकेश अजमेरा ने बताया कि जिन व्यक्तियों एवं संस्थाओं द्वारा ट्री गार्ड हेतु आवेदन जमा करवाए गए हैं उन्हें दूरभाष पर सूचना देकर ट्री गार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अभियान के प्रथम चरण का समापन 22 जुलाई को होगा।

## चिकित्सालय में महिला के बैग में कट लगाकर उड़ाया पर्स

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय परिसर में शनिवार को एक महिला के साथ चोरों ने सरेआम वारदात को अंजाम देते हुए उसके केरी बैग में ब्लेड से कट लगाकर पर्स पार कर लिया। पर्स में करीब 1500 से 2000 रुपये की नकदी थी। घटना के बाद महिला सकते में आ गई। पीड़ित महिला दमयंती ने बताया कि वह चिकित्सालय के कक्ष संख्या 15 में डॉक्टर को दिखाने के लिए आई थी। डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद जब वह दवा लेने गई, तब उसे पता चला कि उसके केरी बैग में किसी ने ब्लेड से कट लगाकर पर्स निकाल लिया है। घटना की जानकारी मिलते ही चिकित्सालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। अस्पताल कर्मचारियों ने तुरंत परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। वहीं, अस्पताल में अस्थायी रूप से संचालित पुलिस चौकी के जवान भी मौके पर पहुंचे और पीड़िता से पूरी जानकारी लेकर रिपोर्ट दर्ज कराने की सलाह दी। हालांकि, खबर लिखे जाने तक पीड़िता की ओर से पुलिस थाने में कोई औपचारिक रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है। गौरतलब है कि अमृतकौर चिकित्सालय में पिछले कुछ समय से आवारा लोगों का बेवजह घूमना और मरीजों के बैग, पर्स व अन्य सामान चोरी होने की घटनाएं सामने आती रही हैं, लेकिन अब तक इन पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई है।

## आज हजरत दीवाना शाह के जन्मोत्सव पर कपासन में अलम शरीफ चढ़ाने की रस्म अदा होगी

### यहां 84वां उर्स 1 अगस्त से शुरू होकर कुल की फातिहा के साथ संपन्न होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के जन्मोत्सव यौमे विलादत के मौके पर 25 मोहरर्म सोमवार 21 जुलाई को अलम शरीफ झण्डा चढ़ाने की रस्म के साथ बाबा हुजूर के 84वें उर्स की चहल-पहल शुरू हो जायेगी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी




ने बताया कि बाबा हुजूर के यौमे पैदाईश के मौके पर सोमवार बाद नमाज़े असर के आस्ताना ऐ आलिया एवं बुलन्द दरवाजा पर परम्परानुसार अलम शरीफ झण्डा चढ़ाने की रस्म अदा की जायेगी। इधर इस मुबारक मौके पर अहमद कबीर मंजील मे सोमवार प्रात: 11 बजे से दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा हम्द,नात,मनकबत एवं तकरीर पेश की जायेगी। उल्लेखनीय है कि हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. का जन्म 25 मोहरर्म 1292 हिजरी 4 मार्च 1875 ई. गुरूवार को डीसा-पालनपुर गुजरात के कुरेशी मोहल्ला मे अब्दुल कादिर कुरेशी के घर जेनब बाई की कोख से हुआ था।इस खुशी मे हर साल अलम पेश करने की रस्म अदा की जाती है।यहां बाबा हुजूर का 84वां उर्स ईन्शा अल्लाह 1 अगस्त से प्रारंभ होकर 3 अगस्त 6 सफर से 8 सफर को जोहर की अज़ान से पहले कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न होगा।साथ ही झण्डा चढाने की रस्म के साथ 84वें उर्स में जायरीनों की रेलमपेल शुरू हो जायेगी।

## 43 घंटे बाद भी नहीं मिला मोहनदास, दुगारी बाढ़ क्षेत्र के हालात होने लगे सामान्य

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** रविवार को भी दुगारी बाढ़ में बहा युवक मोहनदास गोस्वामी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। रेस्क्यू टीम ने सवेरे से सांय तक कनक सागर के ओवरफ्लो से तेजाजी के चैक, बाग तक पानी के बहाव क्षेत्र में रस्सी के सहारे सहारे तलाश किया गया। इसके अलावा रविवार को मोहनदास गोस्वामी महाराज की तलाश में ग्रांमीण भी जुट गये। ग्रांमीणो की टीम ने भी एक दूसरे का हाथ पकड़ कर तेज बहाव क्षेत्र में ढूढ़ा गया लेकिन सांय 5 बजे तक 43 घंटे के बाद भी युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया। विपिन सैनी,महेंद्र खींची, मोती लाल सैनी, खेमराज स्वामी,भीम सिंह हरिजन, रामनारायण सैनी, पप्पू



सैनी, किशन गोपाल , देव लाल गुर्जर, शम्भू लाल गुर्जर, बाल चंद स्वामी सहित अन्य युवको ने टीम बना कर युवक की तलाश शुरू की गई। ओवरफ्लो हुआ कम,रास्ता हुआ बहाल- कनक सागर का ओवरफ्लो कम होने से अब दुगारी मुख्य बाजार सहित बस्तियो में पानी का बहाव कम हो गया है। इसके अलावा दुगारी वाया बांसी मार्ग पुलिस चैकी के सामने भी पानी का बहाव कम होने से आवागमन शुरू हो गया है। ग्रांम विकास अधिकारी बाबूलाल कारपेंटर ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगो एंव सर्च अभियान में जुटी टीमो के लिए पुलिस चैकी के पास सब्जी पुड़ी की व्यवस्था की गई है। शनिवार को 80 लोगो ने




भोजन किया। रविवार को सुबह 50 लोगो ने भोजन किया है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगो के लिए हर प्रकार की सुविधा की जा रही है। पानी का बहाव कम होने से अब जनजीवन सामान्य होने लगा है। जहां विधुत पोल एंव डीपी ठीक है,वहां विधुत व्यवस्था भी सुचारू करवा दी है।

### रेस्क्यू जारी, नहीं लगा सुराग

थानाधिकारी कमलेश कुमार शर्मा ने बताया कि सवेरे 6 बजे से दुगारी बाढ़ क्षेत्र में बहे युवक की तलाश को लेकर सर्च अभियान जारी है। रविवार को भी सिविल डिफेंस एंव एसडीआरफ की टीमे ने नाव, रस्सी एंव बांस के सहारे बहाव क्षेत्र में बहे हुए युवक को सर्च किया गया। पुलिस कार्मिको द्वारा भी सर्च अभियान में सहयोग किया जा रहा है। रविवार सांय 5 बजे जक सर्च अभियान को सफलता नहीं मिली है।

"असफलता यह सिद्ध करती है प्रयत्न पूरे मन से नहीं बल्कि अधूरे मन से हुआ था।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का बड़ा निर्णय

# शेखावाटी अंचल को मिलेगा यमुना से जल- यमुना नदी जलग्रहण क्षेत्र में हो रहा बांधों का निर्माण

## बांधों के निर्माण के लिए राज्य की हिस्सेदारी से 95 करोड़ रुपये किए स्वीकृत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र को पेयजल और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध कराना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दृढ़ नेतृत्व में यमुना जल समझौते के अंतर्गत प्रतिबद्धता से मिशन मोड पर कार्य किए जा रहे हैं। शर्मा के इस ऐतिहासिक निर्णय से शेखावाटी अंचल में जल संकट का स्थायी समाधान संभव हो सकेगा।

मुख्यमंत्री शर्मा ने यमुना बेसिन के ऊपरी भाग में स्थित रेणुकाजी (हिमाचल प्रदेश) एवं लखवार बांध (उत्तराखण्ड) के निर्माण कार्यों के लिए राज्य की हिस्सा राशि में से 95 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं। इससे निर्माण कार्यों को गति मिलेगी और तय समय सीमा में प्रदेश में जलापूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। बांधों के निर्माण से राज्य के हिस्से का जल वर्ष पर्यन्त उपलब्ध हो सकेगा।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जल संसाधनों की महत्ता को ध्यान में रखते हुए दृढ़ संकल्प और दूरदर्शिता से राज्य में जल परियोजनाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। यमुना जल परियोजना चूरू, सीकर, झुंझुनूं सहित अन्य क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होगी। इससे पेयजल और सिंचाई की स्थायी सुविधा सुनिश्चित होगी।



उल्लेखनीय है कि यमुना नदी के जलग्रहण क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तीन प्रमुख बांधों का निर्माण कराया जा रहा है। इनमें से वर्तमान में लखवार और रेणुकाजी बांधों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यमुना रिवर बोर्ड द्वारा इन परियोजनाओं की कुल लागत 11,320.46 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है, जिसमें राजस्थान की हिस्सेदारी 215.66 करोड़ रुपये है। मुख्यमंत्री शर्मा ने बोर्ड की मांग को ध्यान में रखते हुए 95 करोड़ रुपये राशि की स्वीकृति प्रदान कर राज्य की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की है।

हथिनीकुंड बैराज से राज्य में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गठित टास्क फोर्स की तीसरी बैठक 30 जून 2025 को पंचकूला में हुई थी। इसमें राजस्थान और हरियाणा के अधिकारियों के बीच विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के कार्यों की सतत् निगरानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री शर्मा के कुशल नेतृत्व में यह निर्णय प्रदेश में जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में मील का पत्थर साबित होगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान सरकार के गठन के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री शर्मा ने शेखावाटी क्षेत्र में यमुना जल को लाने के लिए हरियाणा सरकार से एमओयू किया था।

## चन्दन मिश्रा मर्डर केस- पुलिस के हत्थे चढ़ा मुख्य आरोपी तौसीफ, साजिश में शामिल पांच गिरफ्तार


बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** चंदन मिश्रा हत्याकांड में मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसके साथ चार अन्य संदिग्ध भी पकड़े गए हैं। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि इस जघन्य हत्या की पूरी साजिश निशु खान के घर पर रची गई थी और तौसीफ ने ही इसे अंजाम दिया।बिहार पुलिस को चंदन मिश्रा



हत्याकांड में एक बडी सफलता मिली है। पटना के एक अस्पताल में पैरोल पर बाहर आए चंदन मिश्रा की हत्या के मुख्य आरोपी तौसीफ उर्फ बादशाह को कोलकाता से गिरफ्तार कर लिया गया है। बिहार पुलिस ने कोलकाता पुलिस और कोलकाता स्ञ्जस्न के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर यह गिरफ्तारी की। तौसीफ के साथ निशु खान और दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है।इस सप्ताह की शुरुआत में हुई इस सनसनीखेज हत्या के बाद तौसीफ का नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आया था। सूत्रों के अनुसार, घटना को अंजाम देने के बाद तौसीफ कथित तौर पर पश्चिम बंगाल भाग गया था और कोलकाता के आनंदपुर इलाके में छिपा हुआ था, जहां से कोलकाता स्पेशल टास्क फोर्स ने उसे धर दबोचा। यह भी बताया जा रहा है कि उसके लकवाग्रस्त भाई के पैर में भी गोली लगी थी।तौसीफ को कोलकाता की एक अदालत में पेश किया जाएगा और कानूनी प्रक्रिया के तहत ट्रांजिट रिमांड पर पटना लाया जाएगा। इस बीच, तीन और संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

## मराठी बोलो...!!! मुंबई लोकल में सीट की बहस बनी मराठी बनाम हिंदी की लड़ाई, महिलाओं में हुई तीखी बहस



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** एक वायरल वीडियो में मुंबई लोकल में सीट की बहस भाषा विवाद में बदली, जहाँ महिलाओं के बीच मराठी बोलो !% की तीखी नोकझोंक हुई। यह घटना महाराष्ट्र में भाषा को लेकर चल रहे विवाद का एक और उदाहरण है, जहां हाल के दिनों में मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा गैर-मराठी भाषियों को निशाना बनाने के कई मामले सामने आए हैं। महाराष्ट्र में मराठी बनाम हिंदी भाषा को लेकर चल रहा विवाद अब मुंबई की लोकल ट्रेनों तक पहुंच गया है। हाल ही में, मुंबई लोकल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें महिलाओं के बीच सीट को लेकर शुरू हुई बहस देखते ही देखते भाषा के विवाद में बदल गई। वीडियो में एक महिला को ये कहते हुए सुना जा सकता है, %अगर मुंबई में रहना है, तो मराठी बोलो, वरना बाहर निकल जाओ!

यह घटना शुक्रवार शाम को सेंट्रल लाइन की एक भीडभाड वाली महिला बोगी में हुई। सीटों के बंटवारे को लेकर एक छोटी सी झडप शुरू हुई, लेकिन जल्द ही इसने भाषा को लेकर गरमागरम बहस का रूप ले लिया। जैसे ही एक महिला ने मराठी बोलने की बात कही, दूसरी महिलाएं भी इस बहस में शामिल हो गईं, जिससे यह विवाद और बढ गया।रेलवे अधिकारियों ने इस घटना की पुष्टि की है कि यह सेंट्रल रेलवे की एक लोकल ट्रेन के महिला डिब्बे में हुई।

## जयपुर में बारिश से भरे पानी में उतरी जनता:बोले- 7 दिन में समाधान करें नहीं तो गंदे पानी में जल समाधि लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स)।** जयपुर में बारिश के बाद सड़कों पर भरे पानी से आम जनता परेशान हो गई है। इस समस्या को लेकर रविवार को जयपुर नगर निगम ग्रेटर के वार्ड 68 की आधा दर्शन से ज्यादा कॉलोनियों के लोगों ने गंदे पानी में उतर जेडीए के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।स्थानीय निवासी विनोद कुमार शर्मा ने कहा- पिछले 15 साल से इस क्षेत्र की यही समस्या है। हर बार मानसून के दौरान पूरे ही कॉलोनी में पानी भर जाता है। इससे पैदल चलना मुश्किल है। वाहनों का चलाना भी मुश्किल हो गया है। पानी भरा होने की वजह से यहां मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है।इस



समस्या के समाधान को लेकर हम क्षेत्रीय पार्षद विधायक से लेकर सरकार के हर अधिकारी तक अपनी गुहार लगा चुके हैं। कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। न जाने क्यों जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी आंखों पर पट्टी बांध बैठे हुए हैं। इसकी वजह से आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है।

क्षेत्र में सीवरेज की समस्या

स्थानीय निवासी शोभा शर्मा ने कहा- जेडीए अप्रूव्ड कॉलोनी में रहने के बावजूद हमारे इलाके में सीवरेज जैसी मूलभूत समस्या है। जिसकी वजह से हमारे घर के बाहर जो सिवरेज की कुई है, वह खराब हो गई है। अब उनका पानी हमारे घर के पानी के टैंक में जा रहा है। जिसकी वजह से हम सीवरेज का पानी पीने को मजबूर है। सड़कों के हालात तो इतने बिगड़ चुके हैं कि सड़क पर चलना तक मुश्किल है। जयपुर विकास प्राधिकरण के अधिकारी हमारी सुनवाई तक नहीं कर रहे हैं। दर्जनों बार हम जेडीए के अधिकारियों तक अपनी गुहार लगा चुके हैं। लेकिन न जाने क्यों शासन और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

मीनाक्षी कुमावत ने कहा- इस हालात के बाद पूरे क्षेत्र की सड़क दलदल में तब्दील हो गई है। बच्चों के ऑटो और वन वालों ने गली में आना बंद कर दिया है। पैदल बच्चे स्कूल जाने से पहले ही कीचड़ में गंदे हो जाते हैं। काफी बार तो हम भी इस गंदी गलियों में गिर चुके हैं। पार्षद से लेकर विधायक तक कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

## 2 घंटे में 45 लोगों पर झपटा कुत्ता, हाथ-पैर नोचे:25 बच्चों को काट खाया; कोई घर के बाहर खड़ा था तो कोई पिता की गोद में था

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (नि.स)। 2 घंटे में आवारा कुत्ते ने 25 बच्चों समेत करीब 45 लोगों को काट खाया। कुत्ता जहां से गुजरता अचानक से हमला कर देता। डॉग बाइट के इस केस में कुत्ते ने किसी को घर के बाहर काटा तो कोई बाजार में सामान लेने निकला था। एक बच्चा तो पिता की गोद में था, जिसे बचाने के चक्कर में कुत्ता उसके पिता के पैर पर काट खाया।इसके बाद एक एक कर जब डॉग बाइट के केस अस्पताल में आने लगे तो डॉक्टर भी सकते में आ गए।मामला



भीलवाड़ा शहर का शनिवार रात 9 बजे का है। हालांकि अब तक प्रशासन कुत्ते को नहीं पकड़ पाया है। इधर, महात्मा गांधी अस्पताल के पीएमओ ने बताया कि सभी लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगा दिए गए हैं और सावधानी बरतने की सलाह दी है।

घर के बाहर खड़े बच्चे को काटा

भीलवाड़ा शहर के प्रतापनगर थाना इलाके के पटरी पार क्षेत्र में कुत्ते ने 2 घंटे उत्पात मचाया। पांसल चौराहे से पुलिस लाइन के बीच कुत्ते ने करीब 25 बच्चों और 20 लोगों को काट लिया। हॉस्पिटल में डॉग बाइट के शिकार लोगों की लाइन लग गई।पुलिस लाइन (पटरी पार) इलाके में रहने वाली खुशबू कंवर ने बताया- मेरा बेटा कल शाम घर के बाहर खड़ा था।

## चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर डैम बनाना शुरू किया

### इंडियन बॉर्डर के पास यह दुनिया का सबसे बड़ा बांध; अरुणाचल सीएम बोले थे- ये वाटर बम

बढ़ता राजस्थान

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी (चीन में यारलुंग सांगपो) पर दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बनाना शुरू कर दिया है। शनिवार को चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने इसकी शुरुआत की। रिपोर्ट के अनुसार, इस डैम प्रोजेक्ट को बीजिंग ने दिसंबर 2024 में मंजूरी दी थी। ये बांध चीन के न्यिंगची शहर में बनाया जा रहा है। इसकी कुल लागत करीब 167.8 अरब डॉलर (लगभग 12 लाख करोड़ रुपए) बताई गई है।यह डैम अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटे न्यिंगची शहर में बनाया जा रहा है। इसे लेकर भारत और बांग्लादेश दोनों ने गहरी चिंता जताई है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्?यमंत्री पेमा खांडू ने इस बांध को भारत के लिए वाटर बम बताया था।



**ब्रह्मपुत्र नदी के भारत में प्रवेश से पहले बनेगा डैम**

करीब 2900 किलोमीटर लंबी ब्रह्मपुत्र नदी हिमालय के उस पार तिब्बत के पठार पर 2057 किलोमीटर दूर तक पश्चिम की ओर बहती है और उसके बाद अरुणाचल प्रदेश से होकर भारत में प्रवेश करती है।भारत के बाद ये बांग्लादेश में जाती है और फिर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है, लेकिन भारत में प्रवेश से ठीक पहले ये नदी एक यू टर्न लेती है।

यही वो इलाका है जहां चीन दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बना रहा है।

**भारत बांध का विरोध क्यों कर रहा?**

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसी साल 3 जनवरी को एक प्रेस ब्रीफिंग में इस बांध को लेकर आपत्ति जताई थी। भारत ने कहा था कि ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने से निचले राज्यों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

जल प्रवाह पर नियंत्रण- बांध से चीन को ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह को नियंत्रित करने की ताकत मिलेगी, जिससे अरुणाचल प्रदेश और असम में सूखा या बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। यह भारत की जल सुरक्षा नीति के लिए रणनीतिक खतरा है।पर्यावरणीय नुकसान- बांध भूकंप-प्रवण क्षेत्र में बन रहा है, जिससे नदी पारिस्थितिकी, जैव विविधता और गाद प्रवाह पर नकारात्मक असर पड़ेगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## छांगुर के करीबी करोड़पति बाबू को एटीएस ने पकड़ा-राजेश उपाध्याय बलरामपुर कोर्ट में तैनात, लखनऊ से पुणे तक प्रॉपर्टी

बढ़ता राजस्थान

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी एटीएस ने धर्मांतरण गैंग के मास्टरमाइंड जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा के सहयोगी राजेश उपाध्याय को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने उसे लखनऊ के चिनहट से पकड़ा है। वह बलरामपुर कोर्ट में क्लर्क है। उस पर छांगुर बाबा को कोर्ट स्तर से मदद दिलाने और फंडिंग का आरोप है। राजेश छांगुर बाबा का छठा सहयोगी है, जिसे गिरफ्तार किया गया है।एटीएस ने राजेश को 18 जुलाई को गिरफ्तार किया था। 19 जुलाई को उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसकी जानकारी रविवार को सामने आई है।पूछताछ में सामने आया कि राजेश उपाध्याय ने छांगुर बाबा को कोर्ट से राहत दिलाने के लिए अपने पद का दुरुपयोग किया था। उसके खिलाफ राजद्रोह, धोखाधड़ी, वर्गों के बीच नफरत फैलाने और धर्म परिवर्तन कानून की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है।



राजेश उपाध्याय, धर्मांतरण का आरोपी

पुणे में पत्नी के नाम 16 करोड़ की जमीन

राजेश उपाध्याय की पत्नी संगीता उपाध्याय के नाम पुणे में एक जमीन है। इसकी 16 करोड़ रुपए की डील हुई थी। एटीएस इसकी जांच कर रही है।माना जा रहा है कि यह डील हवाला और धर्मांतरण से मिले पैसे से जुड़ी है। श्चष्ठ ने भी कुछ समय पहले लखनऊ स्थित राजेश उपाध्याय की संपत्तियों पर छापेमारी की थी।बलरामपुर में दो जमीनों के एग्रीमेंट में भी राजेश की पत्नी संगीता का नाम सामने आया है।एटीएस और ईडी को राजेश के बैंक खाते में छांगुर सिंडिकेट से आए करीब 8 लाख रुपए के लेन-देन के पुख्ता सबूत मिले हैं।इतना ही नहीं, छांगुर गैंग ने अपने विरोधियों के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर कई मुकदमे दर्ज कराए थे। इन मुकदमों को दर्ज कराने में राजेश की मिलीभगत का भी खुलासा हुआ है।

**छांगुर बाबा के लिए राजेश क्या करता था?**

ATS की जांच में सामने आया है कि राजेश ने छांगुर बाबा और अन्य आरोपियों के मामलों को कोर्ट में आगे बढ़ाने में मदद की।विरोधियों को फंसाने के लिए छांगुर बाबा के निर्देश पर स्नढ्ढक्र दर्ज कराई गई थी। इसके अलावा कथित 8 लाख रुपए की फंडिंग भी उसके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी।

**ऐसे एटीएस के जाल में फंसा राजेश उपाध्याय**

ञ्जस् और श्वष्ठ छांगुर बाबा के अवैध लेन-देन और संपत्ति की जांच कर रही थीं। इसी दौरान पुणे की लैंड डील का पता लगा। इसके बाद संगीता उपाध्याय का नाम सामने आया।इसके साथ ही राजेश के खातों में ट्रांजैक्शन मिलना एजेंसियों को इसकी छानबीन की ओर ले गया। एटीएस ने इस सिंडिकेट के मुख्य सरगना छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन सहित अब तक 6 प्रमुख सदस्यों को हिरासत में लिया है। इनमें रमजान (रशीद) जैसे सहयोगी भी शामिल हैं।

2015 से धर्मांतरण के खेल में एक्टिव हुआ था छांगुर बाबा

छांगुर बाबा का घर बलरामपुर जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर रेहरामाफी गांव में है। 2011 से पहले तक वह गांव-गांव साइकिल से अंगूठी और नग बेचने का काम करता था।2011 में पत्नी कुतबुनिशा प्रधान बनी तो उसने यह काम कम कर दिया। वह अक्सर मुंबई भी जाता और वहां वर्ली में हाजी अली दरगाह के बाहर नग बेचता था।2015 में उसने धर्मांतरण के काम में एंट्री ली। इसका पहला प्रूफ नवीन और नीतू के रूप में मिलता है।मुंबई के सिंधी परिवार से आने वाला बिजनेसमैन नवीन घनश्याम रोहरा इस्लाम धर्म अपनाकर जमालुद्दीन बन गया। नीतू रोहरा नसरीन बन गई।दोनों ने छांगुर को अपना सब कुछ मान लिया। छांगुर जो कहता, दोनों वही करते थे।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार